हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

तापमान

अधिकतम 41.6 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री



तेलीपारा कश्यप कालोनी जाने वाले नाले पर बनाई गई सड़क।



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
19 जून 2026
कूपन नं.
4

(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

# 20 बैंकों से 40 करोड़ का लोन फर्जीवाड़ा, ईओडब्ल्यू में अपराध दर्ज, भौमिक को उठा ले गई टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी बैंक गारंटी, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिलासपुर और कोलकाता के 10 से अधिक बैंकों से 40 करोड़ से अधिक के लोन फर्जीवाड़े की जांच एक बार फिर शुरू हो गई है। इस मामले में पंजाब नेशनल बैंक और बैंक आफ बडौदा ने ईओडब्ल्यू में अपराध पंजीबद्ध कराया है।

मामले में मुख्य आरोपी विश्वजीत भौमिक को ईओडब्ल्यू ने बुधवार को पकड़ा और पूछताछ के लिए रायपुर ले गई है। दरअसल विभिन्न थानों में दर्ज एफआईआर की पेशी में पहुंचे भौमिक को सरकंडा पुलिस ने पकड़ते हुए ईओडब्ल्यू को सौंपा है। ईओडब्ल्यू के टीआई संदीप टंडन के मुताबिक पूछताछ चल रही है। इसके बाद गिरफ्तारी की जाएगी। जांच में बात सामने आई है कि पंजाब नेशनल बैंक से 31 लोन, बैंक आफ बड़ौदा से 17 लोन, कैनरा बैंक से 3 लोन, एचडीबी 2 लोन और ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स सरकंडा ब्रांच एक लोन निकाले गए हैं। गौरतलब है कि नटबोल्ट कारोबारी विश्वजीत भौमिक एवं अन्य बिलासपुर द्वारा बैंक आफ बड़ौदा राजकिशोर नगर से 5 करोड़ 4 लाख 15 हजार रुपए का लोन फर्जी तरीके से लिया गया था। मामले में 4 पीड़ितों ने सरंकडा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके साथ ही करीब 40 करोड़ का लोन पंजाब नेशनल बैंक के बिभिन्न ब्रांचों से लिए गए थे। दोनों बैंकों द्वारा इसकी ईओडब्ल्यू में शिकायत की गई थी। जांच के बाद आर्थिक नुकसान प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना प्रमाणित होने के फलस्वरूप विश्वजीत भौमिक के खिलाफ धारा-420, 467, 468, 171 भा.द.वि. के तहत अपराध क्रमांक 04/2020 पंजीबद्ध किया गया था।

- पंजाब नेशनल बैंक और बैंक आफ बदौड़ा में जमा किया था फर्जी बैंक गारंटी, जांच में फिर आई तेजी
- पीएनबी 31, बीओबी से 17, कैनरा बैंक से 3, एचडीबी से 2 और ओरियंटल बैंक एक लोन लिए गए


करोड़ों का फर्जीवाड़ा उजागर होने से बैंकों में हड़कंप, कई अफसरों पर गिरेगी गाज
बैंक घोटालाः अब जागी पुलिस, फरारी के बाद जुर्म दर्ज, मैनेजर सस्पेंड, फैक्ट्री, कंपनी में ताला

4 जून 2019 को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### इस तरह से की गई पूरी गड़बड़ी

विश्वजीत भौमिक लोन फर्जीवाड़ा करने के लिए 10 से अधिक कंपनियों और फर्म का फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाया। इसके माध्यम से लोगों को बैंक से लोन दिलाने का काम करता था। आरोपी लोनधारकों एवं जमानतदारों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, प्रापर्टी के पेपर अपने पास रख लेता था। लोनधारकों-जमानतदारों की प्रापर्टी को बंधक रखकर करोड़ों रुपए का लोन लिया गया। ब्लैंक चेक बुक में हस्ताक्षर कराकर वह पहले से रख लेता था। लोन की कुछ राशि खाते में छोड़ दी जाती थी। इससे कुछ किश्तें व ब्याज की रकम जमा होती रही। बाद में जब बैंक में किश्त व ब्याज की राशि जमा होना बंद हुई तब इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

### फर्जी बैंक बिजी गारंटी भी जमा की

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि विश्वजीत भौमिक ने अपनी पत्नी रुमा भौमिक के नाम पर बिलासपुर मैटेलिक प्राइवेट लिमिटेड फर्म खोला था। इसमें एक पीड़ित अभिलाष बनर्जी को भी पार्टनर बनाया गया। बाद में पत्नी के एकाउंट में गड़बड़ी बताते हुए अभिलाष बनर्जी के नाम पर बैंक गारंटी बनाकर एनएसआईसी (नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीयस कार्पोरेशन लिमिटेड) कोलकाता से 80 लाख रुपए का लोन स्वीकृत कराया गया। इसकी बैंक गारंटी विश्वजीत ने पंजाब नेशनल बैंक सिम्स ब्रांच से बनवाई थी। तीन साल तक जब इस लोन की एक भी किश्त नहीं जमा की गई तो कोलकाता से सिम्स ब्रांच संपर्क किया गया। बैंक गारंटी फर्जी पाए जाने पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज कराई गई

### 50 से अधिक पीड़ित, थानों में 10 एफआईआर

ध्यान रहे कि भौमिक ने पुलिस की पूछताछ में खुद स्वीकार किया है कि उसने 50 से अधिक लोगों से कागजात लेते हुए अलग-अलग बैंकों फर्जी तरीके से लोन पास करावाया। विश्वजीत के खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर भी दर्ज हैं। 6 महीने फरारी के बाद उसने सरेंडर किया था। तीन साल जेल में रहने के बाद वह जमानत पर छूटा था। विश्वजीत के फरारी के दौरान उसकी संपत्ति जब्त करने का आदेश जारी किया गया पर उसके नाम से कोई प्रापर्टी नहीं है। पिता के नाम से जमीन जायदाद थे। ईओडब्ल्यू भी इस केस की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### बादलों ने फिर छकाया, प्रदेश में सबसे गर्म रहा शहर

**बिलासपुर।** न्यायधानी में गुरूवार को मौसम ने राहत और परेशानी का मिलाजुला असर रहा। दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे लेकिन अधिकतम तापमान में बिलासपुर एक बार फिर अव्वल रहा। जहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री दर्ज किया गया। वातावरण में नमी युक्त हवा आने के कारण उमस ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सुबह से उमस भरी गर्मी के कारण पसीने और बेचैनी बढ़ने लगी है। बिलासपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में गुरूवार को मौसम का मिजाज बदला रहा, सुबह से ही आसमान में काले बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे तेज धूप का असर कम महसूस हुआ लेकिन इसके बावजूद बिलासपुर का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यही बदलाव उमस बढ़ने का प्रमुख कारण है। दिन और रात के तापमान के अंतर में कमी आने तथा वातावरण में नमी बढ़ने से लोगों को भारी असहजता का सामना करना पड़ा। बाहर निकलते ही लोगों का सामना उमस भरी गर्मी से हो रहा है और पसीने पोछते हुए लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून सोलापुर, हैदराबाद, भद्राचलम, कोरापुट, फूलबनी, रांची तक पहुंच चुकी है। पंजाब से बिहार तक सीजनल द्रोणिका सक्रिय है।उत्तर प्रदेश से तटीय आंध्रप्रदेश तक विस्तारित द्रोणिका तथा पूर्वी विदर्भ एवं उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर बने ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण का असर भी दिखाई दे रहा है।

#### बैचेनी में कट रही रातें

दिन का तापमान कम होने के बावजूद न्यूनतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। इसका मतलब है कि रात के समय वातावरण अपेक्षाकृत ज्यादा गर्म रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रात के तापमान में वृद्धि होने पर शरीर को प्राकृतिक ठंडक नहीं मिल रही है और लोगों को रात में बैचेनी महसूस हो रही है। यही वजह है कि लोगों को सुबह से पहले भी गर्मी और चिपचिपाहट का अनुभव होता रहा है।

### श्रमकार्ड धारकों का ई-केवायसी 30 तक

बिलासपुर। श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी 30 जून कराना अनिवार्य किया गया है। पंजीकृत श्रमिक ई-केवाईसी अपने निकटतम चॉइस सेंटर अथवा लोक सेवा केंद्र में जाकर कर सकते है। प्रक्रिया के दौरान आधार प्रमाणीकरण, बायोमेट्रिक सत्यापन, लाइव फोटो संकलन तथा विभागीय अभिलेखों से जानकारी का मिलान किया जाएगा। ई-केवाईसी कार्य के लिए प्रति पंजीयन 20 रुपए की राशि निर्धारित की गई है।

### हास्टल से निकला कूड़ा और कचरा भी फेंका जा रहा, स्टूडेंट परेशान

# कबाड़ से पट गया सिम्स का हास्टल



*सिम्स के हास्टल में कुछ दिनों से रेनोवेशन का कार्य जारी है, इस दौरान 20 साल पुरानी रेलिंग, बेड, आलमारियों को बदला जा रहा है, जिसके चलते हास्टल परिसर कबाड़ से भर गया है। वहीं इसकी दूसरी ओर परिसर में कूड़ा कचरा भी फेंका जा रहा है, जिससे गंदगी दिखाई देने लगी है। प्रबंधन की नजर में यह गंदगीआने के बाद अब इसके सफाई की व्यवस्था की जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में इन दिनों सालों पुराने जंग लगे सामानों को हटाया जा रहा है। सबसे पहले सिम्स अस्पताल और कालेजों में पुराने उपकरण, बेड, आलमारी, स्ट्रचर और अन्य सामानों को हटाया गया था, अब हास्टल में कार्य जारी है। हाल ही में प्रबंधन द्वारा सिम्स हास्टल के रेलिंग नए सिरे से बनवाई जा रही है। पुरानी जंग लगी रेलिंग को उखाड़कर नया बनाया जा रहा है, लेकिन कबाड़ को परिसर में ही रखा जा रहा है। भारी मात्रा में कबाड़ रखने के कारण पूरा परिसर ही पट चुका है। प्रबंधन सभी कबाड़ को हटाने के लिए टेंडर बुलाने का प्रयास कर रहा है, वहीं काम भी जारी है। ऐसे में कबाड़ को ठिकाने लगाने में कुछ दिनों का समय लग सका है। इसी प्रकार कबाड़ रखने के कारण ही मौका पाकर स्टूडेंट भी कचरा फेंकने लगे हैं, यही कारण है कि परिसर में अब दुर्गंध भी आने लगी है। प्रबंधन की अनदेखी के कारण अब लोगों के लिए मुसीबत भी बन रही है। आए दिन घुमंतू चोर दिखाई देते है, जिससे चोरी का अंदेशा बना हुआ है।




सिम्स में फेंका गया कबाड़, छात्रों के लिए बना परेशानी का सबब। फैल रही गंदगी।

### नहीं पहुंचा शव वाहन, घंटों इंतजार करते रहे परिजन

सिम्स में पोस्टमार्टम के बाद शव को घर ले जाने के लिए वाहन नहीं मिल पा रहा है। गुरूवार को फांसी लगाकर हुई मौत के मामले में मृतक यशवंत राव का पीएम किया गया, इस दौरान परिजन शव के इंतजार में 3 घंटे तक मरच्यूरी में बैठे रहे। परिजन राजेन्द्र राव ने बताया कि शव वाहन के लिए डेढ़ घंटे पहले ही कॉल लगाया गया, लेकिन अबतक वाहन नहीं पहुंची है। इसके बाद परिजनों ने निजी वाहनों से शव को लेकर लूथरा गांव पहुंचें। यह समस्या रोज की है। शव के परिजनों को शव वाहन नहीं मिल रही है, वहीं ना तो स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी निभा पा रहा है और ना ही अधिकारियों की संवेदनशीलता जागृत हो रही है।

### निगम की बॉल्टी भी पड़ी

खास बात यह है कि स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम ने बड़ी संख्या में सिम्स के हास्टल में सफाई बॉल्टी बांटी थी, लेकिन यह भी अब कबाड़ में जा पहुंची है। जिस जगह पर कबाड़ रख गया है, वहां बाल्टियों का ढेर पड़ा हुआ है। ऐसे में इसके उपयोग और औचित्य पर सवाल उठने लगे है।

### हास्टल रेनोवेट किया जा रहा है

हास्टल में रेनोवेशन का काम जारी है, जिसे कबाड़ कहा जा रहा है, दरअसल वह अनुपयोगी रेलिंग है, इसे राइटऑफ किया जाएगा। इस दौरान कुछ सामान भी नीचे रखे गए हैं। इसके लिए टेंडर बुलाकर इसे हटाया जाएगा। जल्द ही इसकी प्रक्रिया हो जाएगी।

**-डा रमणेश मुर्ति**, डीन, सिम्स

# सर्पदंश से मौत के फर्जी मामले दो प्रकरण में एफआईआर दर्ज

### शासन को पहुंचाई गई है 60 लाख रुपए की क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद जिले में फर्जी सर्पदंश से मौत के 15 प्रकरणों का खुलासा हुआ है। सभी मामलों में शासन को 60 लाख रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। दो फर्जी प्रकरण में तोरवा थाने में मुआवजा राशि लेने वाले मृतकों के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। यह जिले की पहली एफआईआर है।

तोरवा थाना के एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने बताया तहसील कार्यालय के नायब नाजीर दौलत राम ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। उनके द्वारा तहसील कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया सर्पदंश व जहरीले जीव जंतुओं के काटने से मृत्यु के प्रकरणों की जांच के दौरान 15 प्रकरणों में वास्तविक मृत्यु के कारण को छिपाकर शासन को 60 लाख रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है।

ऐसे मामलों में आवेदकों द्वारा सर्पदंश मृत्यु सहायता योजना के तहत 4 लाख रुपए की राशि प्राप्त की गई। तोरवा थाने एक मामले महमंद निवासी संतोष कुमार सूर्यवंशी अपनी पत्नी लता सूर्यवंशी की मृत्यु को सर्पदंश व दूसरे प्रकरण में महमंद निवासी सफीना बानों ने अपने स्व. पति निशार खान की सर्पदंश से मृत्यु होना बताकर 4 - 4 लाख रुपए सहायता राशि प्राप्त की है। राजस्व विभाग की जांच में दोनों प्रकरणों में प्रथम दृष्टया यह कृत्य कूटरचना और छलपूर्वक शासकीय राशि प्राप्त करने की श्रेणी में पाया गया है। पुलिस ने दोनों मामले में सहायता राशि प्राप्त करने वाले सफीना बानो व संतोष कुमार सूर्यवंशी व अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

#### मुआवजा धारकों से खुलेगा राज

पुलिस मुआवजा धारकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी। इससे खुलासा होगा कि मृतक का पोस्टमार्टम किस डाक्टर के द्वारा किया गया था और फर्जी पीएम रिपोर्ट बनाई गई थी। इसके अलावा सर्पदंश की फर्जी पीएम रिपोर्ट तैयार कराने कौन कौन शामिल था। उसके आधार पर पुलिस अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

#### इलाज बीमारी का, पीएम रिपोर्ट सर्पदंश की

एक प्रकरण में मृतका लता सूर्यवंशी को पेट दर्द की बीमारी से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृत्यु होने के बाद पुलिस के द्वारा पंचनामा कार्रवाई के दौरान बीमारी से मौत होने का बयान दर्ज कराया गया है। वहीं पीएम रिपोर्ट में डाक्टर ने सर्पदंश से मृत्यु होने की पुष्टि कर दी है।

#### अन्य थानों में भी होगी एफआईआर

नायब नाजीर के द्वारा सिविल लाइन, सकरण्डा, सिटी कोतवाली, कोनी, सिरगिट्टी थाने में फर्जी सर्पदंश के मामले में मुआवजा राशि प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले मुआवजाधारकों व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर प्रतिवेदन दिया गया है। शीघ्र ही उक्त प्रकरणों में भी मुआवजाधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी।

# चौथी लाइन कनेक्टिविटी से 13 दिन तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर बिलासपुर रेल मंडल के जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के बीच चौथी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग ब्लाक होने से बिलासपुर से रायगढ़ के बीच पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन 22 जून से 13 दिन तक प्रभावित रहेगा।

रेलवे की चौथी लाइन परियोजना के तहत जांजगीर नैला स्टेशन पर अप ग्रिड में आटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कमीशनिंग कार्य करने नान इंटरलाकिंग कार्य 22 जून से 5 जुलाई तक किया जाएगा। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन परियोजना की लागत 2135.34 करोड़ रुपए है, जिसमें अब तक 180 किलोमीटर से अधिक चौथी लाइन का काम पूरा किया जा चुका है। जांजगीर नैला स्टेशन पर लाइन कनेक्टिविटी



और अन्य कार्यों को करने के लिए 22 जून से 5 जुलाई तक अलग-अलग सेक्शन में ब्लाक लेने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान 22 जून से 3 जुलाई तक रायगढ़ से बिलासपुर के बीच चलने वाली अप-डाउन 68737/68738 रायगढ़-बिलासपुर और बिलासपुर रायगढ़ मेमू, 21 जून से 2 जुलाई तक रायपुर से चलने वाली 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 22 जून से 3 जुलाई तक गेवरारोड से चलने वाली 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर, 21 जून से 2 जुलाई तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 22 जून से 3 जुलाई तक बिलासपुर से गेवरारोड के बीच चलने वाली 68734/68733 बिलासपुर-गेवरारोड और गेवरारोड-बिलासपुर पैसेंजर, 22 जून से 3 जुलाई तक 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 22 जून से 3 जुलाई तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली 68732/68731 बिलासपुर से कोरबा और कोरबा से बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। इसके अलावा 1 जुलाई को कोरबा से रवाना होने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे विलंब से रवाना होगी। वहीं 22 जून से 3 जलाई तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच और 22 जून से 3 जुलाई तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से रवाना कर झारसुगुड़ा-बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

#### छत्तीसगढ़ चलेगी पैसेंजर बनकर

नान इंटरलाकिंग का कार्य 21 जून से किया जाएगा। यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए रेल प्रशासन ने कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर तक चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को 22 जून से 3 जुलाई तक कोरबा-बिलासपुर के बीच पैसेंजर के रूप में और 18250/18249 एवं 18252/18251 कोरबा-रायपुर और रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस 22 जून से 3 जुलाई तक कोरबा-बिलासपुर और बिलासपुर-कोरबा के बीच पैसेंजर बनाकर चलाई जाएगी।

### अरपा-भैंसाझार नहर के नाम पर सकरी क्षेत्र में अधिग्रहित की गई थी जमीन

# रेवड़ी समझकर बांट दिया आठ करोड़ का मुआवजा, वसूली के लिए माथापच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा-भैंसाझार परियोजना के अंतर्गत नहर के लिए सकरी क्षेत्र में किए गए भूमि अधिग्रहण में बड़ा घालमेल किया गया है। भूमि अधिग्रहण के नाम पर एक ओर जहां कुछ को अधिक भुगतान किया गया है, तो दूसरी ओर कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनको बिना जमीन लिए ही मुआवजा राशि बांट दी गई है।

पूरे प्रकरण में करीब छह लोग हैं, जिन्हें 7 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। राजस्व विभाग अब पिछले छह साल से बांटी जा चुकी रकम की वसूली के लिए माथापच्ची कर रहा है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। अपने अस्तित्व में आने के पहले से ही विवादों में रही अरपा-भैंसाझार परियोजना का विवादों में रहने वाला सिलसिला अब तक जारी है। परियोजना के नाम पर नहर के लिए सकरी गांव की जमीन अधिग्रहित की गई थी, जिसके लिए 18 मई 2020 को अवार्ड पारित किया गया था। इस दौरान कई ऐसे लोगों को भी मुआवजा राशि का वितरण कर दिया गया था, जिनकी जमीन का अधिग्रहण ही नहीं किया गया है। जबकि कुछ लोग ऐसे भी थे, जिन्हें निर्धारित पात्रता से अधिक मुआवजा बांट दिया गया था। इस मामले में फरवरी 2023 में कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद राजस्व विभाग द्वारा वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की गई थी। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि राजस्व विभाग पिछले छह वर्षों से वसूली का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब तक कुछ हाथ नहीं आया है।

- कईयों को बिना जमीन अधिग्रहण के ही मुआवजा भुगतान



### की जा रही वसूली की कार्रवाई

अरपा-भैंसाझार परियोजना की नहर के लिए भू-अर्जन किया गया था, जिसमें छह मामलों में निर्धारित से अधिक मुआवजा वितरण व बगैर भूमि अधिग्रहण के ही मुआवजा वितरण किया जाना पाया गया था। इसके अंतर्गत कुल 7 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान किया गया है, जिसकी वसूली की कार्रवाई राजस्व विभाग द्वारा की जा रही है।

**-डी जायसवाल**, ईई कोटा डिवीजन, सिंचाई विभाग

#### इन प्रकरणों पर की जा रही वसूली की कार्रवाई

अरपा-भैंसाझार परियोजना के लिए जिन छह प्रकरणों में वसूली की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, उनमें नंदिता पाण्डेय पति अरूण पाण्डेय को 68 लाख 98 हजार 994 रूपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह आसमा बिल्डर्स को 1 करोड़ 16 लाख 30 हजार का भुगतान किया गया है। शारदा देवी पति पवन अग्रवाल को 88 लाख 76 हजार, पवन अग्रवाल पिता शंकरलाल अग्रवाल 81 लाख 35 हजार 402 व मनोज अग्रवाल पिता पवन अग्रवाल 3 करोड़ 4 लाख 77 हजार 384 रूपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह आसमां बिल्डर्स को ही 1 करोड़ 21 लाख 53 हजार 240 रूपए का भुगतान किया गया है। ज्ञात हो कि इनमें से कुछ लोगों के द्वारा कोर्ट में याचिका भी लगाई गई है, जहां बलपूर्वक किसी भी कार्रवाई पर स्टे दिया गया है, जबकि वसूली की कार्रवाई जारी रहेगी।




# सिकल सेल उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी

हर साल 19 जून को मनाया जाता है इसका उद्देश्य इस आनुवांशिक रक्त विकार के बारे में विश्व में जागरूकता फैलाना है एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा प्रदान करना और शीघ्र निदान को बढ़ावा देना है। विश्व सिकल सेल दिवस 2026 की थीम "Closing the Survival Gap: Equity in Sickle Cell Disease" अर्थात "जीवन रक्षा की खाई को पाटना: सिकल सेल रोग में स्वास्थ्य समानता" है।

यह थीम इस तथ्य को उजागर करती है कि सिकल सेल रोग से पीड़ित व्यक्तियों की जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य परिणाम तथा जीवन की गुणवत्ता उनके जन्म स्थान, सामाजिक, - आर्थिक स्थिति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के आधार पर काफी भिन्न होती है। आज विकसित देशों में नवजात स्क्रीनिंग, नियमिम टीकाकरण, पेनिसिलिन प्रोफा - इलेक्सिस, हाइड्रॉक्सीयूरिया उपचार, रक्तदान सुविधाओं एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के कारण सिकल सेल रोग से ग्रसित अधिकांश मरीज 60-70 वर्ष तक स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। इसके विपरीत, भारत जैसे अल्पविकसित निम्न व मध्यम आय वाले देशों में समय पर निदान और उपचार की कमी के कारण अनेक बच्चे गंभीर संक्रमण, एनीमिया एवं अन्य जटिलताओं से ग्रसित होकर कम आयु में ही मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। अभी भारत में सिकल के मरीजों की औसत उम्र केवल 23 वर्ष है। इसी खाई को पाटने पर ध्यान देने की बात हो रही है।

हमारे देश के मध्य में दीर्घ सिकल बेल्ट है, जो कि गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड से होते हुए उड़ीसा तक फैला हुआ है। कुछ और सिकल पॉकेट्स है जैसे की केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान में।

देश की ट्राइबल मिनिस्ट्री भी इसे गंभीर समस्या मान रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी 2047 तक सिकल उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। कुछ राज्यों में इस पर अच्छा काम हो रहा है परंतु अभी बहुत कुछ करना है खास कर हमारे प्रदेश में।

## सिकल सेल के लिए जागरूकता

दुनिया भर के स्वास्थ्य संगठन, अस्पताल और नीति निर्धारक आज के दिन स्क्रीनिंग और किफायती उपचार पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दरअसल बहुत से देशों में व भारत में संसाधनों की कमी नहीं है, अभी भी बहुत सारे चिकित्सक, स्पेशलिस्ट, प्रशासक, नीति निर्धारक सिकल सेल की बीमारी को ग्रामीण समुदाय की अनुवांशिक बीमारी मानकर इस बीमारी को ला इलाज समझ लेते है तथा वे सिकल सेल के उन्मूलन के लिए केवल औपचारिकता ही पूरी कर रहे हैं। जबकि इसे एक स्वास्थ्य मिशन के रूप में लेकर अच्छी प्लानिंग के साथ उपलब्ध सस्ती दवाओं और निरंतर निगरानी से निश्चित ही सिकल सेल की बीमारी को नियमित जांच कर सिकल सेल पीड़ितों को बेहतर और प्रोडक्टिव जिंदगी दी जा सकती है। सिकल सेल बीमारी के प्रति जागरूकता नवजात सिकल टेस्ट से सही डायग्नोसिस कर सिकल सेल ग्रसित बच्चों का इलाज करना संभव हो जाता है। प्रत्येक नवजात बच्चे की सिकल सेल जांच एवं शीघ्र निदान के लिए हाइड्रॉक्सीयूरिया सहित आवश्यक दवाओं की सार्वभौमिक उपलब्धता, टीकाकरण एवं संक्रमण की रोकथाम, सुरक्षित एवं सुलभ रक्तदान सेवाएं, जटिलताओं की समय पर पहचान एवं उपचार, स्टेमसेल प्रत्यारोपण एवं अन्य आधुनिक उपचार पद्धतियों को अपनाना एवं इसको जन-जन तक पहुंचाना, स्वास्थ्य सेवाओं में क्षेत्रीय एवं सामाजिक असमानताओं को कम करना, अनुसंधान आम जनता में जागरूकता एवं रोगी अधिकारों को बढ़ावा देना

## भारत में सिकल सेल रोग की स्थिति

**स्थानिक प्रभाव:** भारत (विशेष रूप से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, और महाराष्ट्र जैसे राज्यों) में इसका प्रभाव आदिवासी और ग्रामीण समुदायों पर बहुत अधिक है।

**राष्ट्रीय लक्ष्य:** भारत सरकार का राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (National Sickle Cell Anaemia Elimination Mission) का लक्ष्य 2047 से पहले भारत से इस बीमारी को पूरी तरह से खत्म करना है।

**वैज्ञानिक प्रगति:** CSIR द्वारा विशेष रूप से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और झारखंड में स्कूली बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए स्क्रीनिंग मॉडल विकसित किए गए हैं ताकि समय पर काउंसलिंग और इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

### सिकल सेल रोग क्या है

यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है जो लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। सामान्य तौर पर लाल रक्त कोशिकाएँ, (RBC) गोल और लचीली होती है। लेकिन इन बीमारी में वे कठोर, हँसिया और अर्द्ध चन्द्रकार आकार की हो जाती है इससे रक्त प्रवाह रूक सकता है और भयंकर दर्द, थकान (एनिमिया) की समस्या होती है।

### निदान व इलाज

सिकल सेल का एकमात्र संभावित इलाज अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (Bone Marrow Transplant) अभी तक यही उपलब्ध उपचार है।

19 जून विश्व सिकल दिवस के उपलक्ष्य पर
GOUR BOSE MEMORIAL SICKLE CELL CENTER BILASPUR, CHHATTISGARH
गौर बोस मेमोरियल सिकल समाधान केन्द्र




सिहारे चिल्ड्रन हॉस्पिटल
(डॉ. गौर बोस मेमोरियल सिकल कल्याण समिति बिलासपुर के द्वारा संचालित)

SCAN ME

डॉ. प्रदीप सिहारे MD DCH
डॉ. राजीव शिवहरे DCH
डॉ. प्रदीप रात्रे MD PDCC.
डॉ. प्रदीप घोष सिकल एक्सपर्ट
डॉ. विनोद अग्रवाल MBBS DCP सिकल एक्सपर्ट

जी. बी. एम. सिकल कल्याण सोसाइटी के उद्देश्य

- सिकल के मरीजों को बेहतर, उन्नत और सम्मानजनक जिन्दगी जीने में सहायता करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।
- संस्था रियायती दरों पर हाईड्रॉक्सी-यूरिया, काम्प्रीहेन्सिव केयर के साथ इनका सतत् व सस्ता इलाज करती है और सिकल के काम्प्लीकेशन से छुटकारा व क्रानिक आर्गन डेमेज से बचाती है।
- सिकल की पहचान के लिये निशुल्क ब्लड टेस्ट करना।
- जिन समुदाय में सिकल की समस्या ज्यादा है उनके नवजात बच्चों की सिकल जाँच करना।
- प्रीनेटल डायग्नोसिस करके सिकल सेल एनीमिया के बच्चे पैदा होने से रोककर सिकल के रोगी कम करना है।
- सिकल से मुकाबला करने के लिये चिकित्सकों को उत्प्रेरित करना, सिकल के मरीजों, परिवारो व समाज को सिकल के बारे में शिक्षित करना।

निराला नगर पुराने बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
07752-402888, 9424148888




उदय
19th June
WORLD SICKLE CELL AWARENESS DAY
चिल्ड्रन हॉस्पिटल एवं पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी क्लीनिक



डॉ. राकेश साहू
एम.डी., एफ.सी.जी.पी.
पी.जी.पी.एन. (बोस्टन, USA)
नवजात एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ, रजि.नं. 5414



डॉ. अभिनव साहू
डी.सी.एच. (केएमसी, मनीपाल)
डी.एन.बी. (नई दिल्ली) फेलो इन पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी (मुम्बई)
पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी में विशेष प्रशिक्षण (USA)
बच्चों में होने वाली मिर्गी एवं मिर्गी संबंधित बीमारियों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त



डॉ. एकता साहू
MBBS, DDV, PGDCC, FAM
Consultant Dermatologist,
Reg.No. 18557

19 जून : विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

★ सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता ही बचाव का सबसे प्रभावी उपाय सिकल सेल एनीमिया एक वंशानुगत (आनुवंशिक) रक्त विकार है, जो माता-पिता से बच्चों में जीन के माध्यम से स्थानांतरित होता है।
★ इस बीमारी में लाल रक्त कोशिकाएं (RBCs) सामान्य गोल आकार की बजाय हंसिया (Sickle) या अर्धचंद्राकार आकार की हो जाती हैं। असामान्य आकार और कठोरता के कारण ये कोशिकाएं रक्त वाहिकाओं में फंस जाती हैं।
★ ऑक्सीजन की कमी के कारण रोगी को अत्यधिक दर्द, कमजोरी तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

जागरूकता दिवस का उद्देश्य

★ सिकल सेल एनीमिया के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस (World Sickle Cell Day) मनाया जाता है।
★ इस दिवस का उद्देश्य लोगों को बीमारी के लक्षणों, जांच, उपचार और बचाव के संबंध में जागरूक करना है।

आधुनिक उपचार की सुविधा

★ अभी तक यह धारणा थी कि सिकल सेल की बीमारी लाईलाज है, लेकिन ऐसा नही है थोड़ी सी जागरूकता एवं सही उपचार से इसका पूर्ण ईलाज संभव है। वर्तमान में बोनमैरो ट्रांसप्लांट के द्वारा बीमारी से छुटकारा मिल सकता है।
★ दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल के बोनमैरो ट्रांसप्लांट के विशेषज्ञ डॉ. गौरव खारिया (सीनियर कन्सलटेन्ट हेमेटो- ऑन्कोलॉजी और इम्यूनोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली) इस क्षेत्र में विशेष अनुभव रखते हैं।
डॉ. गौरव खारिया प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को बिलासपुर स्थित उदय चिल्ड्रन हॉस्पिटल में उपलब्ध रहते हैं।
★ सिकल सेल रोग के गंभीर मामलों में बोनमैरो ट्रांसप्लांट एक प्रभावी उपचार विकल्प माना जाता है। इस दौरान सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रक्त संबंधी रोगों से पीड़ित बच्चों के लिए विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।
★ उदय चिल्ड्रन हॉस्पिटल में जांच कराकर एवं उचित परामर्श द्वारा सिकल सेल बीमारी से ग्रसित 6 बच्चों ने दिल्ली स्थित अपोलो हॉस्पिटल में बोनमैरो प्रत्यारोपण कराकर स्वस्थ जीवन यापन कर रहे हैं।
★ भारत में 16 अस्पतालों में बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा है, जिसमें राज्य सरकार की तरफ से 13 लाख की राशि और केन्द्र सरकार के तरफ से 4 लाख राशि की सहायता मिलती है। और अब इस गंभीर बीमारी का सम्पूर्ण ईलाज संभव है।

संदेश सिकल सेल एनीमिया की समय पर पहचान, नियमित चिकित्सकीय देखभाल एवं उचित उपचार से रोग की जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

थैलेसिमिया, सिकल सेल, एनिमिया के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं सिकल सेल क्राइसिस का उपचार
बच्चों के माता पिता का उचित मार्गदर्शन एवं जेनेटिक काउन्सलिंग की सुविधा

पता- वेयर हाउस रोड, बिलासपुर (छ.ग.)- मो. 8085812980

उपलब्ध सुविधाएं

- ईईजी एवं बच्चों में होने वाली मिर्गी का सम्पूर्ण उपचार एवं निदान
- सम्पूर्ण सुविधायुक्त एन.आई.सी.यू (NICU)
- NON INVASIVE VENTILATION (बबल सी-पैप)
- फोटोथैरेपी यूनिट (डबल सर्फेस) : पीलिया का ईलाज
- मानिटरिंग सिसटम, इन्फ्यूजन पम्प, सेन्ट्रल ऑक्सीजन की सुविधा
- फिजियोथेरेपी की सुविधा, X-Ray की सुविधा
- श्वास संबंधी बिमारियों का ईलाज, भाप मशीन की सुविधा

RADiANCE Aesthetic Clinic SKIN I HAIR I LASERS

- दाद-खाज, खुजली, एक्जिमा एवं सोरायसिस
- स्किन (त्वचा) एलर्जी
- कील-मुंहासे, हर्पीस जोस्टर
- मुंहासों के दाग एवं गड्ढों का इलाज
- रूसी (डैंड्रफ), होंठों का कालापन
- गोखरु एवं बालों का झड़ना
- पी.आर.पी. एवं मिसोथेरेपी
- माइक्रोब्लैंडिग आइब्रो एवं कोरियन ग्लास स्कीन
- स्कीन रिजुवनेशन एवं मेडिफेशियल

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# जिंदगी के सफर में गुज़र जाते हैं जो मक़ाम, वो फिर नहीं आते...

लोक-ध्वनि फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग़ज़ल एवं सुगम संगीत संध्या "सुकून" गुरुवार को लखीराम ऑडिटोरियम में संगीत, साहित्य और संवेदनाओं के अनुपम संगम के रूप में संपन्न हुई। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित ग़ज़ल गायक एवं संगीतकार राजेश सिंह ने अपनी रूहानी, मखमली और भावपूर्ण आवाज़ से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**बिलासपुर।** शकार्यक्रम में शहर के साहित्यकारों, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों तथा संगीत प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत एवं अतिथि सम्मान के साथ हुआ। इसके पश्चात राजेश सिंह ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत करते हुए एक से बढ़कर एक ग़ज़लों और गीतों से ऐसा समां बाँधा कि श्रोता देर रात तक अपनी सीटों से बंधे रहे। उन्होंने अपनी चर्चित ग़ज़ल पूछ लेते वो मिज़ाज मेरा, बस इतना था इलाज मेरा

की प्रस्तुति से श्रोताओं को भावनाओं के गहरे संसार में पहुँचा दिया। इसके बाद हक़ीक़तों में दिन किया, कहानियों में रात की और सफ़ीना डूब गया है, उबरना है मुझे जैसी ग़ज़लों ने सभागार में गहन संवेदना का वातावरण निर्मित कर दिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण उनकी स्वरबद्ध प्रस्तुति गुज़र जाते हैं जो मक़ाम, वो फिर नहीं आते रही, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। इसके साथ ही उन्होंने पुराने लोकप्रिय गीत ₹नाम गुम जाएगा₹ और ₹अभी न जाओ छोड़ कर₹ सुनाकर श्रोताओं को स्वर्णिम संगीत युग की यादों में पहुँचा दिया। कई बार दर्शकों की तालियों और ₹वन्स मोर₹ की मांग ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। राजेश सिंह ने इस अवसर पर राजेश रेड्डी, शब्दिता, अजय साहब, बशीर बद्र, मिर्ज़ा ग़ालिब, फ़हमी बदायूँनी, दुष्यंत कुमार, अहमद फ़राज और साहिर लुधियानवी सहित अनेक प्रतिष्ठित एवं समकालीन शायरों की रचनाओं को अपनी आवाज़ और धुनों से सजाकर प्रस्तुत किया। नई ग़ज़लों और पुराने गीतों का यह अनूठा संगम श्रोताओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## राजेश सिंह ने अपनी मखमली गायकी से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध




### संगीत और साहित्य का समर्पित साधक

राजेश सिंह भारतीय ग़ज़ल गायन और संगीत-सृजन की दुनिया का एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उनकी संगीत शिक्षा बनारस घराने की परंपरा से जुड़ी रही है तथा उन्होंने कोलकाता में श्री द्विजेन्द्र भट्टाचार्य से शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पिछले दो दशकों से वे ग़ज़ल, सूफ़ी और सुगम संगीत के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने मिर्ज़ा ग़ालिब, मीर तकी मीर, मोमिन, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, फ़िराक़ गोरखपुरी, बशीर बद्र, अहमद फ़राज़, नासिर काज़मी, शहरयार, निदा फ़ाज़ली और अजय साहब सहित अनेक महान शायरों की रचनाओं को अपनी स्वरबद्ध धुनों से नई पहचान दी है। कबीर, मीराबाई, बुल्ले शाह और अमीर ख़ुसरो की वाणी को भी उन्होंने संगीतबद्ध किया है। भारत, ब्रिटेन, अमेरिका, दुबई और अन्य देशों में उनकी प्रस्तुतियाँ व्यापक रूप से सराही गई हैं। भारतीय राजस्व सेवा में आयुक्त के रूप में दीर्घकालीन सेवाएँ देने के बाद उन्होंने स्वयं को पूर्णतः संगीत और साहित्य की साधना के लिए समर्पित कर दिया।

### साजिंदों ने भी बांधा समां

राजेश सिंह के साथ मंच पर तबला वादन में देश के प्रतिष्ठित कलाकार महेंद्र चौहान, गिटार पर कन्हैया ठाकुर, कीबोर्ड पर सत्यम जायसवानी तथा ड्रम्स एवं पर्कशन पर आकाश मेहर ने अपनी शानदार संगत से कार्यक्रम को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। कलाकारों के बीच तालमेल और सधे हुए वादन ने प्रत्येक प्रस्तुति को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में विधायक अटल श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार अजय श्रीवास्तव, प्रो एडीएन वाजपेयी, डॉ सीवी रमन कुलपति डॉ. घोष, सीएमड कॉलेज चेयरमैन संजय दुबे, एसईसीएल एजीएम सुधीर माथुर, डॉ. देविंदर सिंह, वीरेंद्र तिवारी, प्रिंस भाटिया, तिलक पटेल, शिव सिंह तथा रामकुमार तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्लोक-ध्वनि फाउंडेशन के संस्थापक कुमार एवं सुमित शर्मा ने सभी अतिथियों, कलाकारों, प्रायोजकों, सहयोगी संस्थाओं एवं संगीत प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**बैठक**

## विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एनसीसी यूनिट स्थापना



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई प्रारंभ किए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस संदर्भ में 7 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल लोकेश देवा तथा डीपी विप्र महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन आशीष शर्मा ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एल पी पटेरिया से भेंट कर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में आगामी सत्र से एनसीसी यूनिट प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। भेंट के दौरान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रसेवा तथा युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के विकास में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया कुलपति प्रो पटेरिया ने इस पहल का स्वागत करते विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कार्यवाही सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा भी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम**

## गौ सेवकों ने किया खाद्य समाग्री, लीची का वितरण



**बिलासपुर।** समाजसेवी कृष्णा बाई कफन वाली अम्मा की स्मृति में गौसेवकों ने खाद्य सामाग्री व ठंडी लीची का वितरण किया। गौ सेवक गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने बताया कि कृष्णा बाई निरंतर समाज सेवा में लगी रहीं। लगभग 60 साल से लावारिस लाशों को कफन ओढ़ा कर विदा करती थीं। आज वे इस दुनिया में नहीं है। ऐसे दिव्य आत्मा की स्मृति में निरंतर समाज सेवा व जन कल्याण का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में दूर-दराज से उपचार कराने सिम्स आए मरीज व उनके परिजनों के बीच पेय पदार्थ का विवरण किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर गौसेवा धाम के गोपाल कृष्ण रामानुज दास, शुभम मिश्रा, शत्रुघन कृष्ण, आशीष यादव, विपुल शर्मा, अंशु, विक्रम सिंह ठाकुर, वैदिक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन**

## पं बरेठ का जीवन कथक नृत्य के लिए समर्पित रहा



बिलासपुर। पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ को 'अकादमी रत्न' से सम्मानित करने की भारत सरकार की घोषणा से नृत्यधारा फाउंडेशन के तत्वावधान में ओड़िसी नृत्य साधिका आंचल पांडेय ने पद्मश्री पं. रामलाल का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज विहार ने कहा कि पं बरेठ का जीवन कथक नृत्य के लिए समर्पित रहा। यह खुशी की बात है कि उनकी प्रमुख शिष्या कथक नृत्यांगना आंचल पांडेय ने आज उनका सम्मान किया। गुरू और शिष्य एक ही मंच से रायगढ़ घराने की परंपरा को समृद्ध कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि समीक्षक डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पं. बरेठ का सम्मान उनके ही शिष्या द्वारा किया जाना कत्थक नृत्य कला की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंचल पांडेय ने की। मंच संचालन नृत्याचार्य गुरू भूपेंद्र बरेठ व धन्यवाद ज्ञापन डॉ मकरध्वज श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर विष्णु कुमार तिवारी, रूचि, श्रुति देवांगन, अनन्या मिश्रा, नित्या, अंजनी मिश्रा, अनन्या साओ, शैलेंद्र सिंह कछवाहा, रीना झा सहित पं बरेठ के शिष्य उपस्थित थे।

**सम्मान**

## आयुष अधिकारी ने किया मितानीनों का सम्मान



**बिलासपुर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष धूमा बिलासपुर में जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डॉ भारती श्रीवास आयुष चिकित्सा अधिकारी, सतीश मिश्रा, सरोज ने मितानिनों एवं कार्यालयीन स्टॉफ का शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हुआ समारोह**

सतीश मिश्रा ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सक एवं स्टाफ का कार्य बहुत सराहनीय है। उनके कारण यहां चिकित्सीय लाभ लोगों को अच्छे से मिल रहा है। डॉ भारती श्रीवास ने अपने कार्य का निर्वहन सदैव निष्ठा पूर्वक करने को कहा। इस मौके पर कृष्ण कुमार पांडेय, पूर्णिमा डडसेना, मनीषा यादव, भारती साहू, चित्ररेखा मधुकर, रागिनी टंडन, पुष्पा धीरज, नील देवी टंडन, सुनीता नायक, शीतला देवी पाटले, दुलौरिन, सत्या डाहिरे, अश्वनी पटेल उपस्थित रहे।

## एसईसीएल योग महोत्सव में 'योगा चिट चैलेंज'



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एसईसीएल योग महोत्सव के अंतर्गत गुरूवार को जून एसईसीएल मुख्यालय में "योगा चिट चैलेंज" का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" के अनुरूप आयोजित इस अभिनव गतिविधि में अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने योगा चिट बॉक्स से पर्चियाँ निकालकर उन पर आधारित विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग संबंधी चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक प्रितपाल सिंह गुंबर द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम की विधियों का मार्गदर्शन प्रदान करते हुए नियमित योगाभ्यास के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आधार बताते हुए सभी को इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। बनाने का संकल्प लिया। इस गतिविधि का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना, कार्यस्थल पर सकारात्मक एवं स्वस्थ वातावरण को प्रोत्साहित करना तथा योग के माध्यम से बेहतर जीवनशैली अपनाने के प्रति प्रेरित करना था।कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को आकर्षक गुडीज़ प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विभिन्न योग-आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।




## योग जागरूकता एवं प्रसार गतिविधि पर संगोष्ठी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा गुंजन सभागृह में "योग जागरूकता एवं प्रसार गतिविधि" विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के मध्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में योग प्रशिक्षक मिलिंद गुप्ता ने बताया कि नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान न केवल तनाव को कम करते हैं, बल्कि कार्यक्षमता, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच को भी बढ़ाते हैं। योग विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की विधियों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम ने सभी उपस्थित जनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनावमुक्त रहने तथा योग के माध्यम से जीवन में संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा प्रदान की।

## योग, प्राणायाम, राजयोग मेडिटेशन का कराया गया अभ्यास

ब्रह्माकुमारीज़ ओम शांति सरोवर उसलापुर में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को विश्व शांति एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ। इसमें योग, प्राणायाम एवं राजयोग मेडिटेशन कराया गया।

18 से 21 जून तक आयोजित होने वाले इस विशेष महोत्सव में प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 बजे तक योग, प्राणायाम, स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम एवं राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज़ उसलापुर सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बीके छाया दीदी, ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से आईं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ बीके मनीषा बहन, एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भ्राता अंजन डे, वरिष्ठ समाजसेवी भ्राता मोहन दादा, करसन दादा एवं रामसेवक भाई ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ बीके मनीषा बहन ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। वर्तमान समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। योग एवं नियमित व्यायाम न केवल शरीर को लचीला, ऊर्जावान एवं दर्द मुक्त बनाता है, बल्कि जीवन में सकारात्मकता और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। कार्यक्रम का आकर्षण म्यूजिकल एक्सरसाइज रही। जिसमें संगीत की मधुर धुनों के साथ सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस चार दिवसीय योग महोत्सव में प्रतिदिन योगाभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता, तनाव प्रबंधन एवं राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित, सुखी एवं तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



उसलापुर में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ

## महाराणा प्रताप के आदर्शों को युवा करें आत्मसात



**बिलासपुर।** वीरता, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर सर्व क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बस्तर राजपरिवार के महाराज कमल चंद्र भंजदेव सहित समाज के लोग उत्साह से शामिल हुए। श्री भंजदेव ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया तथा युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

**बस्तर राजपरिवार के महराज कमल चंद्र ने कहा**

महाराज कमल चंद्र भंजदेव ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे। जिन्होंने स्वाभिमान, स्वतंत्रता और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष और बलिदान आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शक्तिशाली मुगल साम्राज्य का डटकर मुकाबला किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम का अमर उदाहरण प्रस्तुत किया।

### रहे राष्ट्र के प्रेरणास्रोत महापुरुष

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्रोत महापुरुष हैं। राष्ट्रहित, स्वाभिमान, त्याग और जनकल्याण उनके जीवन के सर्वोच्च आदर्श रहे। जिनसे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। पारंपरिक राजस्थानी और राजपूती परिधानों में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज की समृद्ध परंपराओं को प्रदर्शित किया। वहीं बच्चों में महाराणा प्रताप के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया। पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उनका आदर्श आज भी युवाओं और समाज को सही दिशा प्रदान करता है।

## शहीदी दिवस पर गुरबाणी-कीर्तन



**बिलासपुर।** सिख धर्म के पंचम पातशाह गुरु अर्जन देव साहिब का शहीदी दिवस गुरुवार को दयालबंद स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष दीवान, गुरबाणी कीर्तन, अरदास, कथा-कीर्तन, छबील सेवा और गुरु के लंगर के माध्यम से संगत ने गुरु साहिब की महान शहादत को नमन किया। शहीदी दिवस के अवसर पर सुबह और शाम विशेष दीवान सजाए गए। जम्मू से पधारे भाई जगतार सिंह एवं उनके रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। कीर्तन दरबार में श्रद्धालु गुरु साहिब की वाणी में लीन होकर नाम सिमरन करते रहे। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने छबील का प्रसाद ग्रहण किया। समाज के सदस्यों ने कहा कि यह सेवा गुरु साहिब के त्याग, मानवता और परोपकार के संदेश का प्रतीक है। शहीदी समागम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के द्वारा बेटी इशलिन कौर सलूजा एवं जसलीन कौर सवन्नी को सम्मानित किया गया , जिन्होंने ःअकाल पुरख की फौज संस्था के द्वारा 17 मई को प्रदेश स्तरीय कीर्तन प्रतियोगिता में, जूनियर ग्रुप में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया था ।

योग दिवस / फादर्स-डे, 21 जून
स्पेशल

हरिभूमि
बालभूमि
haribhoomi.com

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
शुक्रवार, 19 जून 2026






बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!


एआई इमेज

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।

घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

### मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

### इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

## पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!


एआई इमेज

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अक्सर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम जलसे में दीन, पर्दा और ईमानदार तिजारत का पैगाम



**बिलासपुर।** मोहर्रम के अवसर पर आयोजित तकरीरी कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता ने महिलाओं को दीन की ओर रुजू करने, पर्दे की अहमियत समझने और हज़रत फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) व शोहदाए कर्बला की सीरत को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में फातमी और हुसैनी खवातीन तैयार करने के लिए दीन की सही तालीम, हया, पर्दा और नेक अख़लाक को अपनाना बेहद जरूरी है। वक्ता ने महिलाओं से सिरात-ए-मुस्तक़ीम पर चलने, अपने घरों में दीन का माहौल बनाने तथा नई पीढ़ी को इस्लामी शिक्षाओं से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की जरूरत है कि महिलाएं दुनिया के साथ-साथ दीन की तालीम को भी महत्व दें और अपने जीवन को अहकाम-ए-इलाही के अनुसार ढालें। अपने बयान में उन्होंने तिजारत (व्यवसाय) के उसूलों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि इस्लाम ईमानदारी, सच्चाई और भरोसे की शिक्षा देता है। यदि कोई व्यक्ति व्यापार करता है तो उसे झूठ, धोखाधड़ी और बेईमानी से बचते हुए सच बोलकर और ईमानदारी के साथ अपनी तिजारत करनी चाहिए। सच्ची और पाकीज़ा कमाई इंसान की दुनिया और आख़िरत दोनों को संवारती है। वक्ता ने हज़रत उमर फ़ारूक़ (रज़ि.) की सवानिह-ए-हयात पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उनकी सादगी, न्यायप्रियता, प्रशासनिक क्षमता और इस्लाम के प्रति उनकी सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी जिंदगी इंसाफ, जवाबदेही और जनकल्याण का बेहतरीन उदाहरण है। इसके साथ ही उन्होंने औलिया-ए-किराम की अजमत और कर्बला के पैगाम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी इंसानियत को सत्य, न्याय, सब्र और दीन पर डटे रहने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने उपस्थित होकर तकरीर सुनी तथा शोहदाए कर्बला को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया।

## निधन

### मुक्तेश्वरी सोनी



**बिलासपुर।** पोरथा (सक्ती) निवासी मुक्तेश्वरी सोनी का 18 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जून को सुबह 8.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गौरीशंकर सोनी की धर्मपत्नी एवं लाला सोनी की माता थीं।

### राधेलाल तिवारी



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर फेस 2 निवासी राधेलाल तिवारी का 81 वर्ष की आयु में 17 जून को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रुखमनी देवी तिवारी के पति थे।

### राजू लाल प्रजापति



**बिलासपुर।** कुम्हारपारा, तलापारा निवासी राजू लाल प्रजापति का 18 जून को निधन हो गया। उनका अन्तिम सस्कार 19 जून को सुबह 11 बजे सरकण्डा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राम, दीपक, विक्की प्रजापति के पिता थे।

### माधुरी वर्मा



**बिलासपुर।** विनोबा नगर निवासी माधुरी वर्मा का गुरुवार को टाटानगर अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बनारस में मणी कर्णिका घाट में कल सुबह किया जाएगा। वे स्वर्गीय रामलाल वर्मा की बहू, राजेश वर्मा की पत्नी, अक्षत वर्मा ,आदित्य वर्मा आयुषी की माता थीं।

### अनिरुद्ध साहू



**बिलासपुर।** नगपुरा (सिरगिट्टी) अनिरुद्ध साहू 55 वर्ष का 16 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया । वे स्व.अनंतराम साहू के पुत्र थे।

## 6 साल से इंतजार कर रहीं महिला अभ्यर्थी

### भर्ती नहीं होने से नाराज छात्राएं डिप्टी सीएम साव के सरकारी आवास पहुंचीं

# सहायक प्राध्यापक के 700 रिक्त पदों पर भर्ती, इसमें होम साइंस का एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय महाविद्यालयों में गृह विज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर पिछले छह वर्षों से भर्ती नहीं होने से नाराज बड़ी संख्या में छात्राएं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बिलासपुर स्थित सरकारी आवास पहुंचीं।

छात्राओं ने ज्ञापन सौंपकर गृह विज्ञान विषय को प्रस्तावित भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने और रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती शुरू करने की मांग की। छात्राओं ने बताया कि इससे पहले भी वे उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग तथा बिलासपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुकी हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ज्ञापन में कहा गया है कि उच्च शिक्षा विभाग ने 25 अक्टूबर 2025 के तहत सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारी के 700 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए वित्त विभाग से स्वीकृति प्रदान की गई है। हालांकि भर्ती के लिए चिन्हित 15 विषयों में गृह विज्ञान को शामिल नहीं किया गया है, जबकि प्रदेश के अधिकांश महाविद्यालयों में यह विषय संचालित है और बड़ी संख्या में छात्राएं इसका अध्ययन कर रही हैं।



उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने पहुंची छात्राएं।

### एनईपी के तहत भी गृह विज्ञान विषय की मांग बढ़ी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सहायक प्राध्यापक भर्ती के लिए नेट, सेट या पीएचडी की योग्यता आवश्यक है। हर वर्ष बड़ी संख्या में अभ्यर्थी यह पात्रता हासिल कर रहे हैं और भर्ती परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। भर्ती नहीं होने से अनेक योग्य अभ्यर्थी आयु सीमा पार करने की स्थिति में पहुंच गए हैं, जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। छात्राओं ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भी गृह विज्ञान विषय की मांग बढ़ी है। यह विषय शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, पाक कला, डायट थेरेपी, बाल विकास और काउंसलिंग जैसे व्यावहारिक विषयों के कारण ग्रामीण और महिला छात्राओं के बीच इसकी विशेष लोकप्रियता है। अभ्यर्थियों ने सरकार से वर्तमान भर्ती प्रक्रिया में गृह विज्ञान विषय को शामिल कर रिक्त पदों पर भर्ती करने की मांग करते हुए कहा कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और वर्षों से इंतजार कर रहे योग्य युवाओं को अवसर मिल सकेगा।

### प्रदेश भर के कालेजों में 70 पद खाली

अभ्यर्थियों का दावा है कि जनसूचना अधिकारी, उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 30 जून 2025 तक गृह विज्ञान विषय में 24 पद रिक्त थे, लेकिन इसके बाद पदोन्नति और सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त पदों की संख्या बढ़कर लगभग 70 तक पहुंच गई है। इसके बावजूद विषय के लिए एक भी पद स्वीकृत नहीं किया गया है। छात्राओं ने बताया कि गृह विज्ञान विषय में अंतिम भर्ती वर्ष 2019 में हुई थी, जिसमें केवल 9 पद शामिल थे। इनमें भी 7 बैकलॉग और मात्र 2 नए पद थे। इसके बाद से कोई भर्ती नहीं होने के कारण राज्य के कई स्नातक और स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

## 10 ट्रेनों में 40 अतिरिक्त सामान्य कोचों की सुविधा

# नीट परीक्षार्थियों के लिए विशेष ट्रेन कल से

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट -2026 के दौरान परीक्षार्थियों एवं उनके परिजनों की यात्रा को सुगम बनाने रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष मेमू सेवाओं का संचालन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए रेलवे ने 20



और 21 जून को विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। कोरबा–दुर्ग–कोरबा मेमू/पैसेंजर स्पेशल- गाड़ी संख्या 06801 कोरबा–दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल 20 जून को कोरबा से 10.00 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य सभी मध्यवर्ती स्टेशनों में रुकते हुए चांपा 10.50 बजे, जांजगीर नैला 11.05 बजे, अकलतरा 11.21 बजे, बिलासपुर 12.10 बजे, बेल्हा 12.42 बजे, भाटापारा 13.13 बजे, तिल्दा नेवरा 13.36 बजे, रायपुर 14.55 बजे, भिलाई पावर हाउस 15.39 बजे होते हुए दुर्ग 16.15 बजे पहुंचेगी।

### 20 और 21 को मिलेगी इन ट्रेनों की सुविधा

■ गाड़ी संख्या 06802 दुर्ग–कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल 20 जून को दुर्ग से शाम 19.05 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य सभी मध्यवर्ती स्टेशनों में ठहरते हुए भिलाई पावर हाउस 19.18 बजे, रायपुर 20.10 बजे, तिल्दा नेवरा 21.00 बजे, भाटापारा 21.23 बजे, बेल्हा 21.52 बजे, बिलासपुर 22.40 बजे, अकलतरा 23.17 बजे, जांजगीर नैला 23.34 बजे, चांपा 23.45 बजे होते हुए कोरबा 00.45 बजे पहुंचेगी ।

■ गाड़ी संख्या 06803 कोरबा–दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल 21 जून को कोरबा से सुबह 4.00 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य सभी मध्यवर्ती स्टेशनों में ठहरते हुए चांपा 05.05 बजे, जांजगीर नैला 05.20 बजे, अकलतरा 05.36 बजे, बिलासपुर 06.15 बजे, बेल्हा 06.47 बजे, भाटापारा 07.26 बजे, तिल्दा नेवरा 08.02 बजे, रायपुर 09.20 बजे, भिलाई पावर हाउस 10.15 बजे होते हुए दुर्ग 10.50 बजे पहुंचेगी।

■ गाड़ी संख्या 06804 दुर्ग–कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल 21 जून 2026 को दुर्ग से शाम 19.05 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य सभी मध्यवर्ती स्टेशनों में ठहरते हुये भिलाई पावर हाउस 19.18 बजे, रायपुर 20.10 बजे, तिल्दा नेवरा 21.00 बजे, भाटापारा 21.23 बजे, बेल्हा 21.52 बजे, बिलासपुर 22.40 बजे, अकलतरा 23.17 बजे, जांजगीर नैला 23.34 बजे, चांपा 23.45 बजे होते हुये कोरबा 00.45 बजे पहुंचेगी ।

**छिंदवाड़ा–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशलः** गाड़ी संख्या 08823 छिंदवाड़ा–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल 21 जून को छिंदवाड़ा से शाम 18.00 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य सभी मध्यवर्ती स्टेशनों में ठहरते हुये नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी 22.50 बजे पहुंचेगी । वहीं हसदेव एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार दुर्ग तक परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हसदेव एक्सप्रेस 21 जून को अस्थायी रूप से दुर्ग तक चलेगी।

■ गाड़ी संख्या 18250 कोरबा–रायपुर हसदेव एक्सप्रेस दुर्ग तक संचालित होगी। जो कि रायपुर से 10.45 बजे रवाना होगी तथा भिलाई पावर हाउस 11.20 बजे, भिलाई नगर 11.27 बजे होते हुए 11.45 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी।

■ गाड़ी संख्या 18251 रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस दुर्ग से प्रारंभ होकर कोरबा जाएगी। जो कि दुर्ग से 16.30 बजे रवाना होगी तथा भिलाई नगर 16.37 बजे, भिलाई पावर हाउस 16.43 बजे होते हुये 21.50 बजे कोरबा स्टेशन पहुंचेगी । 20 जून 2026 को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18249 रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 07 अतिरिक्त सामान्य कोच ।

■ 21 जून 2026 को कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 07 अतिरिक्त सामान्य कोच ।0 21 से 23 जून 2026 तक रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 07 अतिरिक्त सामान्य कोच। 22 से 24 जून 2026 तक कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 07 अतिरिक्त सामान्य कोच । 19 से 21 जून 2026 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस में 02 अतिरिक्त सामान्य कोच।

■ 20 से 22 जून 2026 तक रीवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में 02 अतिरिक्त सामान्य कोच । 19 से 21 जून 2026 तक टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त सामान्य कोच ।

## अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने की नव आरंभ उत्सव 2.0 के लकी ड्रा विजेताओं की घोषणा







### बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा आयोजित 'नव आरंभ उत्सव 2.0 ' के लकी ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें ग्राहकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

लकी ड्रा की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ ग्राहकों की उपस्थिति में एवं ग्राहकों द्वारा ही संपन्न कराई गई। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें स्कूटर, स्मार्ट टीवी, रेफ्रिजरेटर एवं अन्य उपहार शामिल रहे। लकी ड्रा विजेताओं में सोनिया खांबरा - डेस्टिनी 125 स्कूटर, यामिनी तिवारी - स्मार्ट टेलीविजन, एस. शुभद्रा - रेफ्रिजरेटर, किरण राठौड़ को ट्रॉली बैग उपहार में दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य विजेताओं को भी आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान म्यूजिकल तंबोला, मनोरंजक गतिविधियों एवं विभिन्न सरप्राइज आकर्षणों का भी आयोजन किया गया, जिसका उपस्थित ग्राहकों एवं उनके परिवारों ने भरपूर आनंद लिया। कंपनी के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स सदैव अपने ग्राहकों को परिवार का हिस्सा मानती है और उनके विश्वास एवं सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों का स्नेह एवं भरोसा ही कंपनी की सबसे बड़ी पूंजी है। कंपनी के मार्केटिंग हेड राहुल जनबंधु ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्राहकों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना तथा उन्हें यादगार अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी ग्राहकों, सहयोगियों एवं शहरवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एजुकेशन प्लस

## जेके ग्रुप का 'कैंपस वीक' 24 विद्यार्थियों का चयन

**बिलासपुर।** जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस द्वारा 'कैंपस वीक 2026' का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन प्रतिष्ठित कंपनियों ने संस्थान का दौरा कर विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों का चयन किया।

कैंपस वीक की शुरुआत 9 जून को आर्श एआई टेक्नोलॉजीज़ नई दिल्ली के प्लेसमेंट ड्राइव से हुई। इस कंपनी में बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों को 3 लाख से 6 लाख रुपए वार्षिक पैकेज प्रदान किया गया। इसके बाद 10 जून को के.के. एंटरप्राइज (हाइली इलेक्ट्रिकल अप्लायंसेज़), अहमदाबाद द्वारा कैंपस चयन भर्ती प्रक्रिया में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल शाखा के बी.टेक और डिप्लोमा विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कंपनी द्वारा 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिन्हें 3 से 4 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति का अवसर मिला। 11 जून को सब्रोस लिमिटेड, मानेसर (हरियाणा) द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव चयन प्रक्रिया में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों में 15 विद्यार्थियों का चयन हुआ। कैंपस वीक के दौरान कुल 24 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी जगह बनाई। जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन के. खान और सेक्रेटरी डॉ. आई. ए. खान, डायरेक्टर डॉ. आशीष सिंह ने शुभकामनाएं दी।

## चौकसे कॉलेज के बीए अंतिम वर्ष का परिणाम उत्कृष्ट







**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए बीए अंतिम वर्ष परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किया है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। इसमें इंदु कुर्रे ने 74.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आंचल कश्यप ने 74.05 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा वर्षा केवट ने 72.72 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय रही। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा और रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

# एआई कौशल रथ पहुंचा रमन विवि




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राजधानी रायपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए एआई कौशल रथ का आगमन डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचने पर एआई कौशल रथ का विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी नई जानकारी प्राप्त की।

एआई कौशल रथ का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डिजिटल कौशलों से परिचित कराना है। रथ में लगाए गए अत्याधुनिक उपकरणों, डिजिटल मॉडलों एवं प्रदर्शन सामग्रियों के माध्यम से विद्यार्थियों को एआई के विभिन्न उपयोगों और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्सुकतापूर्वक विभिन्न मॉडलों को देखा और विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं मैडल प्रदान किए गए।

### तकनीकों से परिचित कराने का माध्यम

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी तथा समकुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने एआई कौशल रथ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. घोष ने कहा कि एआई कौशल रथ विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराने का प्रभावी माध्यम है। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान और भविष्य की आवश्यकता है। समकुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि एआई कौशल रथ विद्यार्थियों में तकनीक के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच विकसित कर रहा है।

## बायोमेट्रिक उपस्थित प्रणाली का वन कर्मचारी संघ ने किया विरोध

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुनः नियोजित करने के अलावा मैदानी अमले पर व्यवहारिक कठिनाइयों को समझे बिना बायोमेट्रिक उपस्थित प्रणाली लागू करने के फैसले पर आपत्ति जताई है। प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि वन विभाग में हजारों पद रिक्त होने के बावजूद नई भर्ती करने या वर्षो से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने के बजाय सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दोबारा कार्य पर रखने का प्रस्ताव लायाजा रहा है। यह निर्णय प्रदेश के लाखों शिक्षित बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। रिक्त पदों पर पहला अधिकारी बेरोजगार युवाओं और सालों से सेवा दे रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का है। इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने के साथ ही वनरक्षक, वनपाल और उप वनक्षेत्रपाल के लिए लागू की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का दबाव नहीं बनाना चाहिए। मैदानी कर्मचारी घने जंगल में नेटवर्क विहीन क्षेत्र व दुर्गम वन्यजीव इलाकों में ड्यूटी करते हैं। जंगल की सुरक्षा वन्यप्राणी संरक्षण और तस्करों को पकड़ने की कोई निश्चित समय सीमा नहीं है। मुख्यालय व निश्चित केन्द्र पर आकर बायोमेट्रिक उपस्थिति लगाने के लिए मजबूर करना कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने जैसा है।

## अमर ने किया छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ



**बिलासपुर।** 18 जून 2026 केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राघवेंद्र सभा भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों पर आधारित भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षक एवं समाज सेवक महेन्द्र कुमार जैन, महाराजा अग्रसेन स्मृति पत्रिकार पुरस्कार से सम्मानित राजेन्द्र अग्रवाल राजू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल आदि मौजूद थे। प्रदर्शनी से जुड़ी उपलब्धियों को आकर्षक एवं व्यवस्थित ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

इस अवसर पर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी**
**जिला बिलासपुर (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
रा०प्र०क०. / / 25-26
ग्राम घोंघाडीह प.ह.नं. 22

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता घोंघादी पहनं 22 रा.नि.मं. गनियारी सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक हरिचन्द्र खाण्डे पिता स्व. धनसाय निवासी ग्राम घोंघाडीह उप तहसील गनियारी जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम कोटवार ग्राम घोंघाडीह दिलीप दास के मृत्यु हो जाने से कोटवार का पद रिक्त हो गया है आवेदक द्वारा ग्राम कोटवार के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय 19/06/26 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा.।

आज दिनांक 04/06/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**गनियारी**

**-: आम सूचना :-**

मैं विकास जैन, पिता श्री विनोद कुमार जैन, निवासी क्रांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी हूं एवं ग्राम-मोपका स्थित ख. क्रं. 1836 रकबा 0.089 हेक्टेयर मेरे स्वामित्व की भूमि है, जिसे किसी अर्पण डेंगला पिता रमेश कुमार डेंगला, निवासी वार्ड क्रं.- 04, शक्ति विहार कॉलोनी, ड्रीमलैंड विद्यालय के पास, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) के नाम के व्यक्ति के द्वारा जाली / झूठा दस्तावेज बनाकर बेचने के लिए अवैध रूप से एग्रीमेंट कर रहा है। मेरे द्वारा किसी भी व्यक्ति को मेरे स्वामित्व कि भूमि को ना ही बेचा है ना ही बेचने का सौदा या एग्रीमेंट किया है। ऐसी स्थिति में अगर कोई व्यक्ति इस खसरा नंबर की जमीन का सौदा उक्त व्यक्ति के साथ करता है तो वह उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरे द्वारा यह आम सूचना समाचार पत्र के माध्यम से दिया जा रहा है।

**द्वारा - विकास जैन,**
**निवासी- क्रांतिनगर, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र..अ-6-अ/2025-26
ग्राम- अमेरी तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका अहिल्या देवी कौशिक पति दिनेश कुमार कौशिक निवासी हरदीकला (टोना) तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 63/12 रकबा 0.010 हे.में विद्यमान अप्राधिकृत / गलत/अशुद्ध / प्रविष्टि के संबंध में अभिलेख को शुद्ध कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30.06.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 16.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, फर्म मे. एच.ए. गफ्फार एंड संस जिसका पंजीयन क्रमांक 26/2001 दिनांक 25.07.2001 है। इस फर्म में दो साझेदार :
1. स्व. हाजी मोहम्मद नफीस
2. श्रीमती आबिदा बुखारी थे।

दिनांक 20.01.2024 को एक पार्टनर स्व. हाजी मोहम्मद नफीस का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके स्थान पर श्रीमती अल्फिया बुखारी को उसी दिनांक 20.01.2024 से फर्म में शामिल किया गया है।

अब इस फर्म में श्रीमती आबिदा बुखारी एवं श्रीमती अल्फिया बुखारी दो पार्टनर हैं।

अत: सूचना जाने।

**पार्टनर**
**मे. एच.ए. गफ्फार एंड संस**
**लिंक रोड, बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-तखतपुर प.ह.न.-00025 कुंवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण
क्रमांक- CT202526400809500011
**ईश्तहार**

तहसील तखतपुर के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम कुंवा के वर्तमान भूमिस्वामी पुनीता पिता/पति-बंशीलाल पता-सा देह, लक्ष्मीन बेवा पिता/पति-बंशीलाल पता-सा देह, संतोष सुनील सुखनंदन गोवर्धन पिता/पति-बंशीलाल पता-सा देह, झूलबाई पिता/पति-बाबूराम पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 525(0.3080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतोष कुमार पिता/पति-स्व बंशीलाल पता-सा, देह, पुनीता पिता/पति-स्व बंशीलाल पता-सा, देह, संतोष, सुनील, सुखनंदन, गोवर्धन पिता/पति-स्व बंशीलाल पता-सा, देह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार तखतपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/06/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार: शशांक शेखर शुक्ला**
**तहसील - तखतपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं हेमप्रकाश उम्र 19 वर्ष पिता श्री विनोद कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम मोतिमपुर पोस्ट अमोरा तहसील पथरिया थाना जरहागाव जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरे नाम के आधार कार्ड में नाम हेमलाल (आधार क्रमांक 730034504722) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरे सही एवं वास्तविक नाम 10वी, 12वी, के अंकसूची के अनुसार हेमप्रकाश नाम है। मेरे भविष्य में नाम हेमप्रकाश के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

अत: सूचना जानें।

**हेमप्रकाश**
**आवेदक**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### चाकू की नोक पर लूट, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम सेवार निवासी सुनील कुमार पिता मोहन यादव 16 जून को फैक्ट्री में काम करके अपनी स्कूटी से गांव जा रहे थे। रात 10.30 बजे पीछे से बाइक सवार तीन व्यक्ति आए उन्हें झापड़ मार दिया, जिससे वह स्कूटी सहित गिर गए। उसके बाद तीनों जो भी रखे हो निकाल कर दो कहने लगे। मना करने पर एक व्यक्ति ने चाकू उनके गले में अड़ाकर जान से मारने की धमकी देकर 395 रुपए व मोबाइल लूटकर नगपुरा की ओर भाग गए। टीआई भावेश शेंडे ने स्टाफ के साथ पतासाजी कर सिरगिट्टी नयापारा निवासी प्रकाश यादव उर्फ रवि पिता गंगाराम यादव 20 साल, रोहन दास पिता रामदास 21 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि लिंगियाडीह में किराए के मकान में रहने वाला राहुल राजपूत पिता सुखदेव राजपूत 17 साल ने बीती रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** बैंगलोर जाते समय ट्रेन से गिरकर युवक की कटकर मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोटा थाना के एएसआई गोपाल खांडेकर ने बताया कि अनूपपुर जैतहरी डोढ़ीपानी निवासी शिवम गोंड पिता अमर सिंह गोंड़ 22 साल बैंगलोर में रहकर काम करते था। एक माह पहले वह अपने घर आए था। 17 जून को बैंगलोर जाने के बाद जैतहरी से ट्रेन में बिलासपुर रेलवे स्टेशन आ रहे था। बताया जाता है वह ट्रेन के गेट में बैठा हुआ था। रात में करगीरोड़ कोटा व कलमीटार के बीच चलती ट्रेन से गिर गया। जिससे कटकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### सूने मकानों में चोरों का धावा, जेवर नकद चोरी

**बिलासपुर।** चोरों ने दो सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, चकरभाठा परसदा निवासी विकास रजक वर्तमान में अपने दीदी जीजा के यहां सिद्धी विनायक कालोनी तिफरा में रह रहे हैं। उनके दीदी जीजा बच्चों के साथ उनके घर परसदा गए हुए हैं। 17 जून की रात 12 बजे वे अपने दीदी के घर के दरवाजे में ताला लगाकर खाना खाने बाहर चले गए थे। रात 2 बजे आए तो ताला टूट मिला। आलमारी से 30 हजार रुपए नकद व पूजा कमरे से चांदी के सिक्के, चांदी के भोग, कटोरी चोरी हो गई थी। दूसरी घटना में कोटा सलका निवासी संतोषी बाई नायक का परिवार 16 जून की रात खाना खाने के बाद सो गए थे। दूसरे दिन सुबह 5 बजे सोकर उठे तो आलमारी से 20 हजार रुपए, चांदी का हाफ करधन, 2 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी बिछिया, 2 नग हाथपोछनी, 2 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी टाप्स, 2 लाकेट चोरी हो गई थी। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### स्वीमिंग पूल से रेल कर्मियों का मोबाइल पार

**बिलासपुर।** रेलवे के एनईआई में बने स्वीमिंग पूल में नहाने के लिए रेल कर्मचारियों के मोबाइल पार हो गए इसकी शिकायत थाने में की है। बिलासपुर रेल मंडल के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में बने स्वीमिंग पूल में रेल कर्मचारियों के अलावा उनके बच्चे, महिलाओं के अलावा रेलवे क्षेत्र के बाहर से भी कई लोग स्वीमिंग करने के लिए पहुंचते हैं। प स्वीमिंग करने के लिए रेल कर्मचारियों ने अपने कपड़े व अन्य सामानों को चेंजिंग रूम में रख दिया। वापसी के बाद जब रेल कर्मचारी चेंजिंग रूम पहुंचे तो वहां उनके कपड़े व अन्य सामान तो थे, लेकिन उनका मोबाइल गायब मिला। मोबाइल की खोजबीन पूरे स्वीमिंग पूल में करने के साथ कोच व अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई।

---

**एक घंटे देर से शुरू हुई परीक्षा**

**इकोनामिक्स, पालिटिक्स पर्सपेक्टिव एजुकेशन के प्रश्नपत्र की जगह पुराना रिसर्च का पेपर भेज दिया**

# एमएड की परीक्षा बनी मजाक, अटल यूनिवर्सिटी ने भेज दिया पुराना पेपर



**बिलासपुर।** पीजीबीटी कालेज में गुरुवार को हुई एमएड की परीक्षा में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की लापरवाही देखने को मिली।

विवि की ओर से कालेज में इकोनामिक्स, पालिटिक्स पर्सपेक्टिव एजुकेशन के प्रश्नपत्र की जगह पुराना रिसर्च का पेपर भेज दिया गया। बाद में फिर से सही प्रश्नपत्र का बंडल भेजा गया। इससे एक घंटे परीक्षा देर से शुरू हुई। इस दौरान परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी इस भीषण गर्मी में परेशान होते रहे। गौरतलब है कि इस परीक्षा में सीएमडी और डीपी विप्र कालेज के विद्यार्थीयों के लिए पीजीबीटी को सेंटर बनाया गया था। परीक्षा में विभागीय के साथ ही कुछ फ्रेशर छात्र भी शामिल हुए।

गौरतलब है कि एमएड का पाठ्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता है। यह दो वर्षीय (4 सेमेस्टर) पोस्टग्रेजुएट कोर्स होता है। हर साल ही यूनिवर्सिटी की एमएड परीक्षाओं के लिए पीजीबीटी कालेज को मुख्य परीक्षा केंद्रों में से एक बनाया जाता है। गुरुवार को एमएड पाठ्यक्रम में इकोनामिक्स, पालिटिक्स पर्सपेक्टिव एजुकेशन का पेपर था। इसके लिए सुबह 11 से 2 बजे का समय तय था। कुल 65 परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंच भी गए थे। पर्यवेक्षक ने जैसे ही लेकिन एयू से भेजे गए प्रश्नपत्र का बंडल खोला तो होश उड़ गए। प्रश्नपत्र पुराना था जिसकी परीक्षा पहले ही हो चुकी थी। सभी प्रश्नपत्र रिसर्च विषय के थे। इसके बाद आनन-फानन में इसकी सूचना पीजीबीटी कालेज की ओर से एयू को दी गई। परीक्षा प्रभारी प्रीति तिवारी के मुताबिक विवि को जानकारी देने के बाद सही पेपर भेजा गया।

### विवि में भी हड़कंप

सूचना मिलते ही विवि में भी हड़कंप मच गया। यह जानकारी लेने की कोशिश की गई कि कहीं रास्ते में तो कुछ गड़बड़ी नहीं हुई है। विवि के परीक्षा विभाग ने भी इसकी अपने स्तर पर तहकीकात की। बाद में मालूम पड़ा कि इकोनामिक्स, पालिटिक्स पर्सपेक्टिव एजुकेशन के पेपर की जगह रिसर्च का पेपर ही गलती से भेज दिया गया। पूरी जानकारी लेने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की ओर से इकोनामिक्स, पालिटिक्स पर्सपेक्टिव एजुकेशन का पेपर पीजीबीटी कालेज भेजा गया। इसमें करीब एक घंटे का समय लग गया और 11 बजे शुरू होने वाली परीक्षा 12 बजे से शुरू हो सकी। इसलिए परीक्षा का समय भी 12 से 3 किया गया। इस दौरान एक घंटे तक कालेज और विश्वविद्यालय में हड़कंप मचा रहा।

### दो वर्षीय परीक्षा में आमतौर पर कुल 16 पेपर

गौरततलब है कि एमएड की दो वर्षीय परीक्षा में आमतौर पर कुल 16 पेपर होते हैं। इसे 4 सेमेस्टर में बांटा जाता है। इनमें थ्योरी, प्रैक्टिकल, और अंत में शोध प्रबंध शामिल होते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक सेमेस्टर में 3 से 4 सैद्धांतिक विषय होते हैं। गुरुवार को जो पेपर हुआ वह महत्वपूर्ण कोर पेपर है जिसमें शिक्षा, राजनीति और अर्थशास्त्र के बीच के अंतरसंबंधों का अध्ययन होता है। इस पेपर का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि शिक्षा नीतियां कैसे बनती हैं, उन्हें राजनीतिक प्रक्रियाएं कैसे प्रभावित करती हैं। शिक्षा में निवेश आर्थिक विकास में कैसे योगदान देता है। यह पेपर मुख्य रूप से चार इकाइयों में विभाजित होता है। इसमें शिक्षा और अर्थशास्त्र , शिक्षा और राजनीति, वैश्वीकरण, उदारीकरण और शिक्षा के साथ प्रमुख शैक्षिक विचारक और नीतियां पर अध्ययन किया जाता है।

### बाद में सही प्रश्न पत्र भेजा गया

विश्वविद्यालय की ओर से कालेज में इकोनामिक्स, पालिटिक्स पर्सपेक्टिव एजुकेशन के प्रश्नपत्र की जगह पुराना रिसर्च का पेपर भेज दिया गया। बाद में फिर से सही प्रश्नपत्र का बंडल भेजा गया। इससे एक घंटे परीक्षा देर से शुरू हुई।

**- मीता मुखर्जी**, प्राचार्य, पीजीबीटी कालेज

---



विनोबा नगर से रामा मेग्नेटो जाने वाली सड़क किनारे की जा रही पेड़ों की छटाई।



घंटों बंद रही बिजली, लोग होते रहे परेशान।

**मधुमक्खी का छत्ता हटाने के लिए बुलाना पड़ा पेस्ट कंट्रोल।**

# पेड़ की डगाल 11 केवी लाइन पर गिरी मधुमक्खी के कारण नहीं सुधरी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- विद्या नगर की घटना
- 8 घंटे तक उबलते रहे लोग

विद्या नगर के कृष्णा होम बॉयस हास्टल के पास पीपल की बड़ी डगाल अचानक रात 3 बजे गिर गई। बिजली के तारों पर डगाल गिरने के कारण बिजली सप्लाई ठप हो गई।

रात से इसे हटाने में बिजली विभाग को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी, सुबह 11.15 मिनट में बिजली सप्लाई नार्मल की गई। इस दौरान गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ा और कई घरों में पीने का पानी तक नहीं पहुंच सका।



पेड़ की डंगाल पर मधुमख्मी होने से बिजली बहाली के लिए करनी पड़ी मशक्कत।

विद्या नगर क्षेत्र में रात 3 बजे हुई इस घटना के बाद आसपास के लोग तड़के सुबह गर्मी से बेहाल होकर उठ गए। बाहर निकलते ही उन्हें हालत का अंदाजा हो गया। इसके बाद फ्यूज कॉल को सूचना दी गई। कॉलिंग के 2 घंटे बाद कर्मचारियों का दल मौके पर पहुंच गया, लेकिन कर्मचारियों के होश उड़ गए। दरअसल गिरी हुई पेड़ की डगाल पर मधुमक्खी का बड़ा छत्ता मौजूद था, इसे हटाए बगैर डगाल काटना बेहद मुश्किल था। ऐसे में पेस्ट कंट्रोल को बुलाना का निर्णय किया गया, करीब 10 बजे पेस्ट कंट्रोल की टीम मौके पर पहुंची। उसके बाद बिजली कर्मचारी, नगर निगम कर्मचारी और पेस्ट कंट्रोल द्वारा सुरक्षित तौर पर मधुमक्खियों का भगाया गया। फिर 11 केवी लाइनों के तारों को दोबारा जोड़कर सप्लाई शुरू की गई। करीब 11.15 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी, इस दौरान क्षेत्र के कई लोगों को पानी तक नहीं मिल सका, हालांकि सप्लाई शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

### रास्ता भी हो चुका था बंद

पेड़ की बड़ी डगाल गिरने के कारण कालोनी का रास्ता भी बंद हो गया था, 11 बजे तक आवाजाही ठप रही, जिसके चलते लोगों को घूमकर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। बिजली कर्मचारी और नगर निगम को बड़ी मुश्किल से पेड़ हटाना पड़ा, हालांकि आसपास के लोगों ने मदद की कोशिश की, लेकिन मधुमक्खी के डर से लोगों ने घर पर ही रहना सुरक्षित समझा।

---

**तुमाडबरा में दबिश**

# जंगल की लकड़ी का अवैध उपयोग, ठेकेदार पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- वन विभाग की टीम ने बरामद की लाखों की लकड़ियां

प्रधानमंत्री आवास और अन्य कार्यों के लिए जंगल की लकड़ी का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने तुमाडबरा क्षेत्र में दबिश देकर लाखों की लकड़ी जब्त करने के बाद ठेकेदार के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग के अफसरों को लगातार शिकायत मिल रही थी कि वन ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य निर्माण कार्यो के लिए जंगल से बड़ी मात्रा में लकड़ी की अवैध कटाई कर उपयोग किया रहा है। इसकी शिकायत मिलने के बाद विभागीय टीम ने गुरुवार को कोटा वन मंडल के ग्राम तुमाडबरा में छापामार कार्रवाई की, जहां काफी मात्रा में लकड़ी की बल्लियां रखी हुई है। विभागीय टीम ने सागौन, साल, साजा, धौरा सहित अन्य प्रजातियों की करीब 141 बल्लियां बरामद की है। लकड़ियों को जब्त करने के बाद वन विभाग को पूछताछ में जानकारी मिली कि लकड़ी बजहरीन बाई बैगा के आवास निर्माण कार्यो के लिए उपयोग करने जमा की गई थी। उसने बताया कि लकड़ी आवास निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार ने लाकर रखी थी। इसके बाद वन विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम कार्रवाई शुरु कर दी है। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर नरेन्द्र बैसवाड़े, वनरक्षक कुंजबिहारी पोर्ते, शिव पैकरा, टीकाराम जायसवाल, रामकुमार सहित अन्य स्टाफ शामिल थे। विभाग के अफसरों के अनुसार जब्त लकड़ियों के स्त्रोत की जांच करने के साथ पता लगाया जा रहा है कि लकड़ियां किस जंगल से काटी गई और इसमें किस किस लोगों की भूमिका रही। जांच के आधार पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आरोपी से लकड़ियां जब्त करते वन विभाग की टीम।

---

# युवती से 48 हजार की आनलाइन ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आस्ट्रेलिया से सोना लाते समय दिल्ली एयरपोर्ट में पकड़े गए भाई को छोड़ने के नाम पर बहन से 48 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा सिंधी कालोनी निवासी विनय ठारवानी पिता अशोक ठरवानी ने रिपोर्ट लिखाई। 17 जून को सुबह 7 बजे से 12 बजे तक उनकी बहन पूनम ठरवानी को अज्ञात मोबाइलधारक ने वाट्सएप काल किया, उसने कहा कि आपका भाई आस्ट्रेलिया से सोना लाते हुए दिल्ली एयरपोर्ट में पकड़ा गया है। उसके लिए आपको पेनाल्टी लगेगी तब आपका भाई छूटेगा। इस पर उनकी बहन ने यूपीआई के माध्यम से 48 हजार 350 रुपए बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद भी लगातार पैसा ट्रांसफर करने के लिए फोन आ रहा था, जिससे बहन ने मोबाइल बंद कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 6, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# लोको पायलट की पत्नी से सोने की चेन की लूट



सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुबह घर के सामने झाड़ू लगा रही लोको पायलट की पत्नी के गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन लूटकर स्कूटी सवार तीन युवक भाग गए। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, शिवधाम विहार निवासी लोको पायलट भानु प्रकाश पिता जेपी प्रकाश की पत्नी संजू कुमारी 15 जून को सुबह 6 बजे घर के सामने सड़क में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान स्कूटी में तीन लोग आए और उनके गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन लूटकर मेन रोड की ओर भाग गए। महिला ने शोर मचाया, किन्तु सुबह होने से सन्नाटा पसरा हुआ था, इसलिए लुटेरे आसानी से भाग गए।

पत्नी के द्वारा सूचना देने पर श्री प्रकाश घर आए और आसपास क्षेत्र में स्कूटी सवार की पतासाजी की, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया। पुलिस ने श्री प्रकाश की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# वाहन ड्राइवरों से अवैध वसूली हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रशर में चलने वाले वाहनों को रोककर ड्राइवरों से अवैध वसूली करने वाले हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

- शराब के लिए करता था पैसों की मांग

बिल्हा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, वार्ड क्रमांक 12 निवासी महेश शर्मा पिता स्व. किशोरीलाल शर्मा 47 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 16 जून की दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत दुर्गडीह में हिस्ट्रीशीटर सत्या उर्फ सत्यप्रकाश धृतलहरे उसका भाई दिलेश धृतलहरे व गांव के सोना कोसले, नारायण रात्रे, सुनील अनंत ने अन्य साथियों के साथ मिलकर क्रशर में चलने वाले ट्रक ड्राइवरों से शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर ड्राइवर पुन्नू यादव, मोनू राजपाल के साथ मारपीट कर जाने से मारने की धमकी दी। यह भी कहा क्रशर मालिकों को बोल देना जब तक पैसा नहीं देंगे तब तक गाड़ी नहीं जाने देंगे। वह अवैध रूप से ग्राम पंचायत के पास टेंट लगाकर आने जाने वाले वाहनों को रोककर रॉयल्टी चेक कर रहा था। श्री शर्मा की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 296, 115, 2, 351, 3, 119, 1, 191, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर फरार हिस्ट्रीशिटर कनेरी चकरभाठा निवासी सत्यप्रकाश उर्फ सत्या पिता जयराम धृतलहरे 44 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# साहब मुझको आगे पढ़ना है... फीस के नहीं हैं पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- विकलांग महिला की कलेक्टर से गुहार

मंगलवार को एक विकलांग महिला अपने दो बच्चों के साथ कलेक्टोरेट पहुंची। यहां कलेक्टर से मिलकर महिला ने अपने आपको बीए पास होने व आगे इंग्लिश में एमए करने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि फीस देने के पैसे नहीं हैं। या तो कॉलेज में एडमिशन करा दिया जाए या फिर रोजगार उपलब्ध करा दिया जाए ताकि खुद कमाई करके पेट पालने के साथ ही पढ़ाई भी की जा सके। कलेक्टर ने वहां मौजूद संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग को महिला के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टोरेट में आमतौर पर राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याओं, आवास की मांग व बिजली या पानी की समस्या के समाधान के लिए लोग जनदर्शन में आवेदन देने पहुंचते हैं। पहली बार एक विकलांग महिला को अपने दो छोटे बच्चों के साथ आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज में एडमिशन दिलाने की गुहार लगाते देखा गया। इमलीभांठा निवासी धनेश्वरी मरावी ने बताया कि वे बीए पास हैं और आगे इंग्लिश में एमए करना चाहती हैं। विकलांग लोगों को सरकार की ओर से दी जाने वाली पेंशन भी सात महीने से नहीं मिली है। ऐसे में कॉलेज में फीस जमा नहीं कर पाने के कारण एडमिशन नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाने आई हैं। जनदर्शन से बाहर निकलकर अपने कक्ष की ओर जाते समय कलेक्टर ने महिला को देखा और रुककर आने का कारण पूछा।



विकलांग महिला ने कॉलेज में एडमिशन या फिर कोई व्यवसाय दिला देने की मांग की। महिला ने यह भी कहा कि तिफरा सब्जी मंडी से सब्जी लेकर वे फेरी लगाकर सब्जी का व्यवसाय करके भी आजीविका चला सकती हैं।

### समाज कल्याण विभाग को दिए गए हैं निर्देश

एक विकलांग महिला ने आगे पढ़ने की इच्छा जाहिर करते हुए कॉलेज की फीस भरने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की थी। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक को शासकीय प्रावधानों के अनुसार महिला के लिए अतिशीघ्र स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर बिलासपुर

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत



**बिलासपुर।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, केसला निवासी शंकर कोसले पिता धरम कोसले 17 जून की शाम गांव में पैदल जा रहे थे। प्राथमिक शाला के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 एसी, 5669 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने भाई कैलाश कोसले की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## शाला प्रवेश उत्सव

### प्रेरणा बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट



**करगीरोड कोटा।** स्थानीय निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप गुप्ता एवं श्रीमती राधा गुप्ता की बेटी प्रेरणा गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर एवं परिवार का नाम रोशन किया है। सीए परीक्षा देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित व्यावसायिक परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अध्ययन, अनुशासन और धैर्य की आवश्यकता होती है। प्रेरणा गुप्ता ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रेरणा गुप्ता ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने हर परिस्थिति में उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर शिक्षा तथा मार्गदर्शन उपलब्ध कराया। भाई प्रणय गुप्ता पत्रकार ,सिद्ध गुप्ता ने जब भी पढ़ाई से मनोबल गिरा तो उन लोगों ने मुझे प्रोत्साहित किया।

### तखतपुर में आज रहेगी बिजली बंद

**तखतपुर।** मेंटेनेस कार्य को लेकर विद्युत विभाग की ओर से 19 जून को प्रातः 7 से 11 बजे तक टाउन फीडर से प्रभावित क्षेत्र बरेला, तखतपुर मेनरोड, मिशन कम्पाउंड, होलिका चौक, चंडी चौक, रावण भाटा, ठाकुरदेव मंदिर के आस पास , नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, कालेजपारा, , हाई स्कूल रोड़, जनकपुर रोड़ की बिजली बंद रहेगी।

### जमकोर में रोजगार मेला आज

**मुंगेली।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 जून को जिला रोजगार कार्यालय, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर, ग्राम जमकोर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चार प्रतिष्ठित निजी कंपनियां विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इनमें इलेक्ट्रॉनिक, मीटर एवं टेलीविजन क्षेत्र के लगभग 02 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक योग्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा 45 डाटा एंट्री ऑपरेटर, सेल्स ऑफिसर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, अकाउंटेंट एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर के 49 पदों तथा फील्ड ऑफिसर एवं बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर के 43 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 12वीं से लेकर स्नातकोत्तर तक रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीवित रोजगार पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस (यदि उपलब्ध हो) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल अथवा जिला रोजगार कार्यालय मुंगेली से संपर्क कर सकते हैं।

### डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में दुर्लभ सत्संग कल से

**मल्हार।** डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में सुभदा सेवा संस्था द्वारा दुर्लभ सत्संग व श्रीराम कथा का आयोजन 20 से 26 जून तक किया जाएगा। जिसमें ऋषिकेश के ब्रम्हचारी संत आनंद महाराज एवं हरिदास महाराज लोगों को रामकथा का अमृतपान कराएंगे। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सुबह 5 बजे नगर में प्रभातफेरी निकलेगी और गीता पाठ होगा, जिसके बाद दोपहर ढाई बजे भजन कीर्तन और शाम साढ़े तीन से साढ़े 6 बजे तक श्रीरामकथा पर आचार्य ओजपूर्ण प्रवचन देंगे। लंबे अर्शे बाद हो रहे रामकथा को लेकर संस्था के अध्यक्ष शिवप्रताप साव ने नगर के लोगो को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आधात्मिक लाभ लेने की अपील की है। आयोजन के दौरान गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित पुस्तको व धार्मिक ग्रन्थों के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिले के युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने आवेदन 30 जून तक आमंत्रित किया गया है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी की सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क अल्पावधि प्रशिक्षण संचालित किए जाएंगे। इनमें सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्य मित्र), इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन, जल वितरण संचालक (वाटर डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेटर), इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन तथा फ्रंट हेल्थ केयर गिवीन एसोसिएट आदि पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रशिक्षण के लिए 14 से 45 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवक-युवतियां पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जमकोर मुंगेली में कार्यालयीन समय के दौरान आवेदन जमा कर सकते हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से किया संवाद

# भाजपा सरकार में विकास को मिली नई गतिः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वनांचल के ग्राम झलरी, झिरिया, सरगढ़ी में आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पिछले ढाई वर्षों में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। और केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन पर फीडबैक लिया। साथ ही उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। वहीं तीनों गांव के युवाओं को क्रिकेट किट भी प्रदान किया।

■ विकास कार्यों का प्रस्तुत किया रिपोर्ट कार्ड

श्री साव ने जनचौपाल के दौरान सरगढ़ी के पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वॉटर कूलर प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सरगढ़ी में नए स्कूल भवन निर्माण के लिए 23 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है तथा 1.85 करोड़ रुपये की लागत से बालक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही सरगढ़ी एवं झिरिया में 5-5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा भी की। झिरिया में आयोजित जनचौपाल में श्री साव ने ग्रामीणों से विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में गांव तक बिजली पहुंची और विकास कार्यों को नई गति मिली है। ग्रामीणों द्वारा झिरिया से नवापारा बाजार मार्ग की खराब स्थिति की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। झलरी में आयोजित जनचौपाल में श्री साव ने कहा कि लोरमी क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और इसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह जिला पंचायत सदस्य अनिता साहू, जिला पंचायत सदस्य रत्ना काटले, जनपद उपा राजेंद्र साहू, गुरमीत सलूजा, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर बंजारे, दिनेश काश्यप, राजेंद्र साहू, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, संतोष साहू, विश्वास दुबे आदि मौजूद थे।



### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने वनाचंल के ग्राम भूतकछार में अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ भगवान बिरसा मुंडा जी के योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर श्री साव ने ग्रामवासियों की मांग पर मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा भी की।



# डिप्टी सीएम ने की पत्रकारों के साथ चाय पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं डिप्टी सीएम अरुण साव ने गुरुवार को पत्रकारों के साथ विधायक निवास में बैठक कर क्षेत्र के विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की। बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सतीश मिश्रा ने पत्रकारों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। डिप्टी सीएम श्री साव ने पत्रकारों की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने बैठक में स्थानीय विकास योजनाओं, जनसुविधाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर प्रेस क्लब अध्यक्ष सतीश मिश्रा, सचिव नूतन गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार प्रशान्त शर्मा, साजिद खान, कृष सोनी, प्रीतम दिवाकर, जितेंद्र पाठक, नन्दकुमार यादव, प्रमोद जायसवाल, नीरज अग्रवाल, योगेश मौर्य, राहुल यादव, बिहारी यादव, निक्कू जायसवाल, आकाश सलूजा, निशांत कश्यप, विपिन शर्मा, प्रतीक शर्मा, पिंटू उबेजा सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# नपा ने किया डिप्टी सीएम विधायक का सम्मान



**तखतपुर।** नगर पालिका की ओर से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं विधायक धर्मजीत सिंह का सम्मान किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री को नगर विकास के लिए 5 करोड़ रूपए का मांग पत्र नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने सौंपा। नगर प्रवास पर नगर पालिका की ओर से तहसील चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ और पार्षदों ने नगर की विकास के लिए अरूण साव को 5 करोड़ रूपए की मांग पत्र भी सौंपा। विधायक धर्मजीत सिंह ने भी कहा कि नगर विकास के लिए राशि स्वीकृत कर दिया जाए ताकि तखतपुर नगर की एक और पहचान बन सके। उन्होंने भी नगर पालिका अध्यक्ष सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे क्षेत्र सहित नगर विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि नगर क्षेत्र में भी विभिन्न तरह की कार्यो की आवश्यकता है और जिसकी मांग आमजनों ने परिषद से की है हम सभी की अपेक्षा है कि जो मांग पत्र जो हम सौंप रहे हैं उसकी स्वीकृति दी जाए। इस अवसर पर सीएमओं अमरेश सिंह, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत हूरा, कैलाश देवांगन, परमजीत लवली हूरा, अंजू सुरेश देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा बबलू गुप्ता, प्रियंका सुनील आहुजा, मुन्ना श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ अध्यक्ष ने सौंपा नगर विकास के लिए 5 करोड़ रूपए का मांग पत्र

# भारतीय संस्कृति और संघर्ष के प्रतीक थे महाराणा प्रताप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

राजपूत क्षत्रीय समाज के तत्वावधान में राम सदन में अयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए और महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम का शुभांरभ महाराणा प्रताप की छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरूण साव ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महान योद्धा थे इन्होंने मातृभूमि की रक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिए। उन्होंने मण्डी चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव, अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह, अतिविशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिंह, विशिष्ट अतिथि नर्मदा सिंह, दिलीप सिंह, मनोज, सिंह, रामशरण सिंह, बिहारी सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश राजपूत, नेता प्रतिपक्ष कोमल सिंह ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष वंदना सिंह, अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर रहे। अतिथियों का पुष्पाहार और साफा बांधकर स्वागत किया गया। वहीं समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिकजनों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम को विधायक धर्मजीत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय संस्कृति और संघर्ष के प्रतीक थे। समाज को उनके आदर्शो को आत्मसात कर लोगों की सेवा करनी चाहिए आज किसी भी उन्नति के लिए सबसे महत्वपूर्ण माध्यम शिक्षा है और हम सभी इस माध्यम से जुड़कर अपने को और ज्यादा सशक्त बनाएं। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि समाज सशक्त तभी होता है। समाज का हर व्यक्ति अपनी क्षमता अनुरूप सहयोग देता है। समाज का नाम ही है सामूहिक उत्तरदायित्व और यह उत्तरदायित्व समाज के इस कार्यक्रम में प्रद्धर्शित हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन नारायण सिंह ठाकुर ने किया। जुलूस का स्वागत सरपंच संघ अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर रोहन सिंह, मनी सिंह, गोकुल सिंह, अशोक सिंह, रोहित सिंह, राजा सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, गोविंद सिंह विक्रम सिंह, ज्ञान सिंह, रवि सिंह, भोला सिंह, आयोध्या सिंह, वरूण सिंह, केशर सिंह, रोशन सिंह, चिंपू ठाकुर, चिंटू ठाकुर, आयुष सिंह ठाकुर, कोमल सिंह, परमेश्वर सिंह, बजरंग सिंह, आकाश सिंह, हरिश राजपूत, हरि ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।




# फोटो प्रदर्शनी का विधायक मरपची ने किया शुभारंभ



**गौरेला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा के असेंबली हॉल में 17 जून से 19 जून तक आयोजित की गई है। शुभारंभ उपरांत विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं गणमाय नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मरपची ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से 12 वर्ष विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के कार्यो को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को शासन की जनहितकारी योजनाओं, विकासोन्मुखी कार्यक्रमों तथा देश एवं प्रदेश में हुए सकारात्मक परिवर्तनों से अवगत कराना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष रोशती तापश शर्मा, नीरज जैन, निर्मल यादव, भवानी प्रसाद गुप्ता, कुबेर सिंह सर्राटी, गंगोत्री राठौर, तापश शर्मा, आदित्य गुप्ता, दीपक शर्मा, अजय राय, शंकर चक्रधारी, पंकज श्रीवास्तव, राज कुमार पुरी, छोटेलाल सोनी, लूसन राठौर सहित बड़ी संख्या में नागरिकों और स्व सहायता समूह की महिलाओं ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# पथरिया के कृषि केंद्र में प्रशासन का छापा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

खरीफ सीजन 2026 के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद एवं बीज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार गठित विशेष निरीक्षण दल द्वारा नगर पंचायत पथरिया स्थित एक कृषि केंद्र पर छापामार कार्रवाई की गई।

उप संचालक कृषि वीणा ठाकुर ने बताया कि विशेष जिला एवं विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा मेसर्स संजय कृषि केन्द्र, पथरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा करने पर यह पाया गया कि कृषकों को उर्वरक के साथ अन्य सामग्री जबरन लदान स्वरूप दी जा रही थी तथा उर्वरकों का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर किया जा रहा था। जांच में कृषि केंद्र के गोदाम में 40 टन यूरिया सहित एनपीके, सिंगल सुपर फॉस्फेट और अन्य उर्वरक एवं ऑर्गेनिक खाद का भंडारण पाया गया। निरीक्षण में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं प्राप्त की गई। जिस पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के उल्लंघन पर संबंधित कृषि केंद्र के उर्वरक विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष निरीक्षण दल में जिला उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एल.के. कोशले, उर्वरक निरीक्षक एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल रहे।

# ट्रेलर की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत



घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

थाना रतनपुर अंतर्गत ग्राम बेलतरा में रविवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।




मृतक।

जानकारी के अनुसार ग्राम बेलपारा निवासी प्रदीप रजक (20 वर्ष) और संदीप रजक (23 वर्ष), पिता स्व. कुश कल्लू रजक, बाइक से बेलतरा की ओर कुछ सामान लेने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान कोरबा की ओर से बेलतरा की तरफ आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएन 2296 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसा शाम करीब 7:30 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। एक ही परिवार के दो बेटों की दर्दनाक मौत से बेलपारा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा सरकार ने पांचवीं बार बढ़ाए बिजली के दामः अटल




**मुंगेली।** प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली की दरों और बिजली बिलों में आ रही भारी विसंगतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुख्य रूप से संबोधित किया। पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक श्री श्रीवास्तव ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा और जनता को लूटे जाने का आरोप लगाया।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से अब तक लगातार पांचवीं बार बिजली के दाम बढ़ाए जा चुके हैं। सरकार ने इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 जव 40 पैसे और किसानों के कृषि पंपों के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की है, इसके अतिरिक्त, हाल ही में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार भी थोपा गया है। कांग्रेस सरकार बनाम भाजपा सरकाररूउन्होंने तुलना करते हुए बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में बिजली की दरों में केवल 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी और साथ ही 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना' लागू थी, जिससे जनता को बड़ी राहत मिल रही थी, भाजपा सरकार ने आते ही इस योजना को बंद कर दिया और जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। कोटा विधायक ने मांग की है कि जिस तरह उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहित में स्मार्ट मीटरों को वापस लेने का निर्णय लिया है, ठीक उसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार को भी राज्य में स्मार्ट मीटरों पर तत्काल रोक लगानी चाहिए और इन्हें वापस लेना चाहिए, कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने बढ़ी हुई बिजली दरें वापस नहीं लीं और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का शोषण बंद नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, अभय नारायण, हेमेंद्र गोस्वामी, दीपक गुप्ता, मुकेश मिरी, रघुराज सिंह, तारनी विश्वकर्मा, लक्की गर्ग, भवानी माथुर, जित्तू श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, अजय साहू, राजेश छेदईया, सूरज यादव, उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# लोगों की जेब पर सीधा असर डाल रही सरकारः शैलेश




**पेंड्रा।** बिजली दरों में हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए विरोध का बिगुल फूंक दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पेंड्रा स्थित माधवराव सप्रे जिला प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने बिजली दर वृद्धि, स्मार्ट मीटर व्यवस्था और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी एवं बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद यह पांचवीं बार है जब बिजली दरों में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि घरेलू, गैर-घरेलू तथा कृषि उपभोक्ताओं पर लगातार अतिरिक्त शुल्क का भार डाला जा रहा है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ किसान और छोटे व्यवसायी भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रेस वार्ता में मौजूद मरवाही के पूर्व विधायक डॉ. केके ध्रुव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कई उपभोक्ताओं को सामान्य खपत की तुलना में कई गुना अधिक बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं, जिससे लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है। प्रेस वार्ता में बिलासपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजमती भानु, वरिष्ठ कांग्रेसी ओमप्रकाश बंका, रमेश साहू, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, पवन केशरवानी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संघर्ष जारी रहेगा

प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया और बिजली दर वृद्धि वापस नहीं ली तो पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और बढ़े हुए बिजली बिलों के मुद्दे पर लगातार संघर्ष जारी रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता पर लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ को जनता अब स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से जनहित में तत्काल निर्णय लेते हुए बिजली दरों में राहत देने की मांग की।